卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 343 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦25 सितम्बर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## मुकेश बोरा यूपी से गिरफ्तार

### महिला से दुष्कर्म के मामले में चल रहा था फरार, कई टीमें कर रही थी तलाश

हल्द्वानी(उद संवाददाता)।दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट में नामजद दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा को पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक मुकेश बोरा को पुलिस ने यूपी के रामपुर से गिरफ्तार किया है। बता दें मुकेश बोरा पर एक महिला ने दुग्ध संघ में स्थाई नौकरी दिलाने का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था ।महिला ने बोरा पर अपनी नाबालिग पुत्री के साथी छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया। जिसके बाद आरोपी बोरा को दुग्ध संघ अध्यक्ष पद से भी हटा दिया



गया। बोरा ने गिरफ्तारी से बचपने के लिए हाईर्ट की शरण ली थी।18 सितंबर को हाई कोर्ट ने मुकेश बोरा की गिरफ्तारी पर रोक लगाने संबंधी याचिका को खारिज कर दिया था। इससे पहले हाई कोर्ट ने सशर्त उसकी गिरफ्तारी पर रोक लगाई थी और अल्मोड़ा कोतवाली में नियमित उपस्थिति दर्ज कराने को कहा था। बोरा ने शुरुआत के पांच दिन हाई कोर्ट ने निर्देश का पालन किया। लेकिन 17 सितम्बर से उसने अल्मोड़ा कोतवाली में उपस्थिति दर्ज नहीं कराई। 18 सितंबर से वह अंडरग्राउंड हो गया। इसी दिन शाम से नैनीताल पुलिस उसकी तलाश में संभावित ठिकानो पर दबिश देने लगी। हाईकोर्ट से अंतरिम जमानत खरिज होने के बाद मुकेश बोरा की तलाश में पुलिस की कई टीमें लगागयी गयी थी। दो एसपी, दो सीओ, एक इंस्पेक्टर, दो चौकी इंचार्ज व एसओजी (शेष पृष्ठ सात पर)

## दो वाहन खाई में गिरे, एक की मौत, 13 घायल

ऋषिकेश(उद संवाददाता)। बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर धौलाधार के पास देर रात्रि कार खाई में गिरने से एक केदारनाथ यात्रा मार्ग पर गौरीकुण्ड के समीप बुधवार सुबह एक बोलेरो खाई में गिर गयी। जिसमें एक दर्जन से अधिक देवप्रयाग के पास एक कार के खाई में गिर जाने की सूचना थाना देवप्रयाग को दी गई। थाना प्रभारी द्वारा पुलिस बल के साथ





व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। उधर लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार बछेलीखाल के ग्रामीणों ने देहरादून-बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर धोलीधार मौके पर पहुंच गए।उनके साथ तहसील दार देवप्रयाग भी मौके पर पहुंचे। पुलिस जवानों ने घटनास्थल(शेष पृष्ठ सात पर)

## मुठभेड़ में बदमाश को लगी गोली ,सिपाही भी घायल

### सर्राफा व्यापारी से लूट में शामिल था पकड़ा गया बदमाश, दूसरा फरार

काशीपुर/जसपुर(उद संवाददाता)। जसपुर में सुनार को लूटने वाला बदमाश मुठभेड़ के दौरान पुलिस के हत्थे चढ़ गया।बदमाश के पांव में गोली लगी है, जबकि मुठभेड़ में एक सिपाही के भी घायल होने की खबर है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार देर रात करीब दो बजे पुलिस टीम जसपुर में सूत मिल के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर दो संदिग्ध आते दिखाई दिये। रुकने का इशारा करने पर बाइक सवार बदमाशों नें पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुई फायरिंग से पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस ने भी जवाबी



फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस और बदमाशों के बीच हुई कई राउंड फायरिंग के चलते बदमाश भागकर गुलरगोजी के खेतों में घुस गए। इस दौरान पुलिस की गोली एक बदमाश के पैर में लग गई जबकि दूसरा भाग निकला। घायल बदमाश को काशीपुर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे हल्द्वानी रेफर कर दिया गया। सूचना मिलते ही एसएसपी मणिकांत मिश्रा काशीपुर पहुंचे और घटना की जानकारी लेने के साथ ही बदमाश से पूछताछ भी की। घायल की पहचान दिलशाद के रूप में हुई है, जोकि शातिर किस्म का बदमाश है और जसपुर में हुई सर्राफा व्यापारी से लूट की घटना में शामिल है। इससे पूर्व भी इस पर कई गम्भीर मुकदमें दर्ज हैं। मुठभेड़ के दौरान एक पुलिस (शेष पृष्ठ 7 पर)

## पटाखों के गोदाम में लगी भीषण आग,लाखों की क्षति

देहरादून (उद संवाददाता)। ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में स्थित पटाखों के गोदाम में देर रात तक आग लग गयी। जिससे पूरे इलाके में हड़कम्प मच गया। आग लगने



के बाद धमाकों की आवाज दूर तक सुनाई थी। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। अग्निकाण्ड में लाखों की क्षति का अनुमान है। आग का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। जानकारी के मुताबिक पटेल नगर कोतवाली अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में मंगलवार देर रात पटाखों के गोदाम में अचानक आग लग गई। आग लगने से धमाकों की आवाज दूर तक गूंजने लगी। इससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। दमकल की टीमों ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों के बारे में स्पष्ट रूप से कुछ भी पता नहीं चल पाया है। लेकिन शॉर्ट सर्किट को आग लगने का कारण बताया जा रहा है। गोदाम में आग से लाखों की क्षति का अनुमान है।

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## प्रेम प्रसंग के चलते युवक ने फांसी लगाकर दी जान

### पहले हाथ की नस काटी फिर लगाई फांसी, परिवार में मचा कोहराम

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। दिनेशपुर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम बसंतीपुर में प्रेम प्रसंग के चलते एक नाबालिग युवक ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। गौरतलब हो कि दिनेशपुर थाना क्षेत्र में आत्महत्या की घटनायें थमने का नाम नहीं ले रही है। ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं। अब नाबालिक भी आत्महत्या करने लगे हैं। बताया जाता है ग्राम बसंतीपुर निवासी 17





वर्षीय एक विक्की दास पुत्र प्रशांत दास का किसी युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रेम प्रसंग के चलते उसने पहले अपने हाथ की नस काटी फिर फांसी लगाकर की आत्महत्या कर ली। मृतक विक्की दास अपने परिवार का इकलौता वारिस था। पड़ोस के गांव के एक लड़की के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी बात को लेकर गांव के (शेष पृष्ठ सात पर)

## मॉर्निंग वाक के दौरान गले से झपटी चैन

रूद्रपुर (उद संवापददाता)। बगवाड़ा रोड़ पर मोर्निंग कर रहे एक व्यक्ति के गले से बाईक सवार अज्ञात युवक सोने चैन झपट कर फरार हो गये। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में शम्भू कुमार पुत्र जगवीर सिंह चौधरी निवासी कौशल्या एन्कलेव फेस 4 बगवाडा ने कहा है कि वह सुबह अपने घर कौशल्या एन्कलेव फेस 4 से रोजाना की तरह साथी के साथ मोर्निंग वाक पर निकला था। (शेष पृष्ठ सात पर)

## दीपावली से पूर्व अम्बेडकर पार्क हो जायेगा अतिक्रमण मुक्त

### एमएनए के आश्वासन पर अम्बेडकर पार्क संघर्ष समिति ने धरना किया समाप्त

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। अंबेडकर पार्क को अतिक्रमण मुक्त कराकर इसका सौन्दर्यीकरण कराये जाने की मांग को लेकर अम्बेडकर पार्क में दीपक सागर व निवर्तमान पार्षद रंजीत सागर के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे अम्बेडकर पार्क संघर्ष समिति के युवाओं ने बुधवार को नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल के आश्वासन पर धरना स्थगित कर दिया ।एमएनए ने आगामी दीपावली से पूर्व अम्बेडकर पार्क को अतिक्रमण से मुक्त कर इसके सौन्दर्यीकरण का आश्वासन दिया। इससे पूर्व भारी संख्या में बाबा साहेब अम्बेडकर के अनुयायी अम्बेडकर



पार्क में एकत्रित हुए और उन्होंने अपनी मांगों अंबेडकर पार्क में ठेलियों को हटाकर सौंदर्यीकरण करने, पार्क में बाबा साहब डाक्टर अंबेडकर जी की प्रतिमा स्थापित करने, पार्क की सफाई नियमित रूप से करने, पार्क में हाईमास्ट लाईट लगाये जाने, क्षतिग्रस्त पार्क का पुनर्निर्माण एवं चारों ओर छायादार पौधे एवं फुलवारी की व्यवस्था करने, पार्क में गेट लगाने और चाहरदिवारी में रंग रोगन कराने की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए बेमियादी धरना शुरू कर दिया। वहीं दूसरी ओर पार्क के बाहर तमाम ठेली वाले भी अपने रोजगार को लेकर जुटे हुए थे। जिसे देखते हुए एसपी सिटी मनोज कत्याल व कोतवाल मनोहर दसौनी की अगुआई में आदर्श कालोनी चौकी प्रभारी होशियार सिंह व पुलिस बल भी पूरी तरह से मुस्तैद था। इसी दौरान नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल धरना स्थल पर पहुंचे और उन्होंने अम्बेडकर पार्क संघर्ष समिति के पदाधिकारियों तथा व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जुनेजा व कोषाध्यक्ष संदीप राव से बातचीत की। उन्होंने बताया कि नगर में 2765 लघु व्यापारी हैं जिनके लिए चयनित भूमि (शेष पृष्ठ सात पर)

## गोलीकाण्ड में छह लोगों पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज

सितारगंज (उद संवाददाता)।डिग्री कॉलेज के छात्र को अगवा कर मारपीट, फायरिंग के मामले में पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मंगलवार की देर शाम हुए प्रकरण को लेकर कोतवाली में छात्र संगठनों से जुड़े लोगों का जमावड़ा लगा



रहा। हालाकि पुलिस मामले में जांच कर रही है। छात्र तुषार शर्मा ने पुलिस को भी शरीर में आरोप लगाया है कि वह डिग्री कॉलेज के छात्रसंघ चुनाव में प्रत्याशी धर्मेश जोशी के साथ चुनाव प्रचार से वापस आ रहा था। तुषार शर्मा का आरोप है कि तभी उसके मोबाइल पर अजय भगत का फोन आया। अजय भगत ने उसे और धर्मेश जोशी को नकुलिया चौराहे पर मिलने के लिए बुलाया। आरोप है कि(शेष पृष्ठ सात पर)

# सभी जिलाधिकारी अपने जिलों को आदर्श जनपद बनाने की दिशा में कार्य करें : धामी

## सभी क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त सड़कों को गड्ढ़ा मुक्त करने और सफाई व्यवस्था के निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को सभी सड़कों को 15 अक्टूबर तक गड्ढ़ा मुक्त करने तथा राज्य में अतिवृष्टि से प्रभावित सभी क्षेत्रों में स्थिति सामान्य करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने सचिव, विभागाध्यक्ष एवं सभी अधिकारियों को पुनर्निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा करने और जो कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं, उनका भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जो सड़कें अभी बंद हैं, उन्हें यथाशीघ्र सुचारू करने तथा आपदा की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों पर सड़कों के स्थाई ट्रीटमेंट की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी जिलाधिकारी अपने जिलों को आदर्श जनपद बनाने की दिशा में कार्य करें। जिन गांवों से लोगों को विस्थापित करना है, विस्थापन की कार्रवाई भी



जल्द की जाए। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को नियमित रूप से जनपदों की विभिन्न व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वर्षा काल के बाद होने वाली जल जनित बीमारियों से बचाव के लिए पुख्ता व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। जल जनित रोगों से बचाव के लिए मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को नियमित जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अस्पतालों में सफाई व्यवस्था के साथ ही मरीजों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में आंतरिक मार्गों की मरम्मत एवं स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में राज्य आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष श्री विनय रोहिला, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव श्री आर के सुधांशु, सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुंदरम, श्री शैलेश बगोली, सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास श्री विनोद कुमार सुमन, गढ़वाल कमिश्नर श्री विनय शंकर पाण्डेय, आर.सी श्री अजय मिश्रा, संबंधित विभागों के अपर सचिव, विभागाध्यक्ष एवं सभी जिलाधिकारी वर्चुअली जुड़े थे।

# 'भ्रष्टाचार मुक्त ऐप' 1064 से 68 भ्रष्टाचारियों को किया ट्रैप

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की भ्रष्टाचार मुक्त शासन की मुहिम के तहत महज तीन साल से कम समय में विजिलेंस टीम ने रिकॉर्ड 57 ट्रैप कर 68 भ्रष्टाचारियों को जेल भेजा है। भ्रष्टाचारियों पर यह कार्रवाई भ्रष्टाचारमुक्त ऐप 1064 की लॉन्चिंग के बाद तेजी से हुई है।भ्रष्टाचार मुक्त एप 1064 पर अब तक करीब 973 विजिलेंस और नॉन विजिलेंस की शिकायतों दर्ज हुई हैं। इनमें से भ्रष्टाचार से जुड़ी 38 शिकायतों पर विजिलेंस जांच गतिमान है। जबकि नॉन विजिलेंस से जुड़ी शिकायतें सम्बन्धित विभागों को भेजी गई हैं। यह ऐप न केवल विजिलेंस बल्कि आम नागरिक के लिए भी मददगार साबित हो रहा है। ऑनलाइन शिकायत दर्ज होने के बाद विजिलेंस शिकायत का जिम्मेदारी के साथ समय पर निस्तारण कर रही है। पिछले 20 सालों तक 220 ट्रैप में 232 गिरफ्तार हुए लेकिन अब 3 साल में ही रिकॉर्ड 57 ट्रैप कर 68 भ्रष्टाचारियों पर विजिलेंस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस साल अब तक रिकॉर्ड 23 ट्रैप कर 30 को जेल भेज दिया है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार 2022 में विजिलेंस ने 14 ट्रैप और 15 गिरफ्तारी की। 2023 में विजिलेंस ने यह कार्रवाई आगे बढ़ाते हुए 18 ट्रैप कर 20 भ्रष्टाचारियों को जेल भेजा। जबकि 2024 में विजिलेंस भ्रष्टाचारियों पर ताबड़तोड़ कार्यवाई में जुटा है। अब तक 9 माह में विजिलेंस ने रिकॉर्ड 23 ट्रैप कर 30 रिश्वतखोरों को जेल भेजा है।

# राज्य के घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को बड़ी राहत,शासनादेश जारी

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा दिनांक 16 सितम्बर, 2024 को की गयी घोषणा के क्रम में राज्य के घरेलू श्रेणी के विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत टैरिफ में सब्सिडी प्रदान करने के सम्बन्ध में शासनादेश जारी कर दिया गया है। सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार उत्तराखण्ड राज्य में विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत टैरिफ में सब्सिडी निम्नानुसार प्रदान की जायेगी। हिम-आच्छादित क्षेत्र के घरेलू श्रेणी के ऐसे विद्युत उपभोक्ता जिनका मासिक विद्युत उपभोग 200 यूनिट तक है, को लागू विद्युत दरों (विद्युत कर सहित) में 50 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जायेगी। हिम-आच्छादित क्षेत्र का निर्धारण प्रचलित नियमों के अनुसार सम्बन्धित क्षेत्र की समुद्र तल से ऊंचाई के आधार पर करते हुए ही योजना का लाभ प्रदान किया जायेगा।. अन्य क्षेत्रों के घरेलू श्रेणी के ऐसे उपभोक्ता जिनका अनुबन्धित विद्युत भार 1 किलोवाट तक तथा मासिक विद्युत उपभोग 100 यूनिट तक है, को विद्युत दरों (विद्युत कर सहित) में 50 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जायेगी ये सब्सिडी 01 सितम्बर, 2024 से की गई विद्युत खपत पर अनुमन्य होगी।



# जस्टिस जी नरेंद्र होंगे नैनीताल हाईकोर्ट के नए मुख्य न्यायाधीश

नैनीताल(उद संवाददाता)। आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के न्यायाधीश जी नरेंद्र उत्तराखंड हाईकोर्ट के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली कोलॉजियम ने उनके नाम की सिफारिश की है। उत्तराखंड हाईकोर्ट की मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी 10 अक्तूबर को सेवानिवृत्त हो रही हैं। न्यायमूर्ति नरेंद्र जी की नियुक्ति 10 अक्तूबर से प्रभावी मानी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट की कोलॉजियम ने मंगलवार 24 सितंबर को यह सिफारिश की है। न्यायमूर्ति नरेंद्र जी कर्नाटक हाईकोर्ट के वरिष्ठतम न्यायाधीश भी हैं। उनकी नियुक्ति 2015 में कर्नाटक हाईकोर्ट में हुई। 10 अक्तूबर 2023 को आंध्र प्रदेश स्थानांतरित हुए थे। हाईकोर्ट के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत होने से पहले उन्होंने कर्नाटक उच्च न्यायालय में वकालत की। वह कर्नाटक और आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट में न्यायिक और प्रशासनिक पदों पर काफी अनुभवी न्यायाधीश हैं। कोलॉजियम ने माना है कि वर्तमान में कर्नाटक हाईकोर्ट से उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों में कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। ऐसे में न्यायमूर्ति नरेंद्र जी उत्तराखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त होने के



लिए उपयुक्त हैं। इसलिए 10 अक्तूबर 2024 को उत्तराखंड हाईकोर्ट की मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी की सेवानिवृत्ति के बाद न्यायमूर्ति नरेंद्र जी को उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया जाए। न्यायमूर्ति जी नरेंद्र का जन्म 10 जनवरी 1964 को हुआ है। उन्होंने बैचलर ऑफ आर्ट्स और एलएलबी में स्नातक की पढ़ाई पूरी की और 23 अगस्त, 1989 को बार काउंसिल ऑफ तमिलनाडु में एक वकील के रूप में नामांकित हुए। 1989 से 1992 तक मद्रास उच्च न्यायालय में प्रैक्टिस शुरू की। वर्ष 1993 में उन्होंने अपना पंजीयन कर्नाटक स्टेट बार काउंसिल में स्थानांतरित किया। न्यायमूर्ति जी नरेंद्र का जन्म 10 जनवरी, 1964 को हुआ था। उन्होंने कला स्नातक और एलएलबी में स्नातक की पढ़ाई के बाद 23 अगस्त 1989 को तमिलनाडु बार काउंसिल में एक वकील के रूप में नामांकित कराया। 1989 से 1992 तक मद्रास उच्च न्यायालय में प्रैक्टिस की। वर्ष 1993 में उनका नाम कर्नाटक स्टेट बार काउंसिल में स्थानांतरित कर दिया गया। जस्टिस जी नरेंद्र संवैधानिक, नागरिक, कराधान, मोटर खनन कानून, पर्यावरण और वन, मध्यस्थता मामले आदि के विशेषज्ञ रहे। साथ ही मूल्य निर्धारण, कोफेपोसा हिरासत, भूमि सुधार, भूमि राजस्व, सिविल मुकदमे, बौद्धिक संपदा अधिकार, पारिवारिक विवाद में भी उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किया है।

# किडनी कांड का मास्टरमाइंड अमित राउत गिरफ्तार

## पैरोल पर बाहर आने के बाद हुआ था फरार 40 से ज्यादा लोगों की निकाली थी किडनी

देहरादून(उद संवाददाता)। पैरोल जंप कर फरार चल रहे चर्चित किडनी कांड के मुख्य आरोपी अमित राउत को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी स्वास्थ्य संबंधी कारणों के चलते कोर्ट से पैरोल प्राप्त कर बाहर आया था। प्रभारी निरीक्षक विनोद गुसांई ने बताया, निर्धारित समयावधि में जिला जेल में आत्मसमर्पण न कर आरोपी फरार हो गया था। चर्चित किडनी कांड के मुख्य आरोपी अमित राउत निवासी डीएलएफ गुरुग्राम हरियाणा को स्वास्थ्य कारणों से छह जून को चार सप्ताह के लिए पैरोल पर छोड़ा गया था। लेकिन, आरोपी पैरोल जंप कर न्यायालय के निर्देशों की अवहेलना कर निर्धारित समयावधि के बाद जिला जेल देहरादून में आत्मसमर्पण नहीं किया। इसके बाद कोर्ट ने गिरफ्तारी के लिए गैर जमानती वारंट जारी किए थे। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार चल रहा था। आरोपी द्वारा न्यायालय में जो पता दिया गया था, वह गलत निकला। जानकारी पर पता चला कि इस पते पर आरोपी दो साल से नहीं रह रहा था। पुलिस ने टीम गठित कर आरोपी को पकड़ने के लिए प्रयास शुरू कर दिए। पुलिस टीम ने देर रात आरोपी को देहरादून से गिरफ्तार कर लिया। लालतप्पड़ के गंगोत्री अस्पताल में इस गैंग ने 40 से ज्यादा लोगों की किडनी निकाली थी।



ज्यादातर लोग कोलकाता से यहां लाए जाते थे। इसके लिए इस गैंग के एजेंट देशभर में फैले हुए थे। कोलकाता से गिरफ्तार मुख्य एजेंट चांदना गुड़िया नाम की महिला ने इस मामले से जुड़े कई खुलासे किए थे। अमित राउत इस गैंग का सरगना है। उसके बेटे अक्षय राउत ने 2001 में केएनआर यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंस से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की थी। अमित राउत आयुर्वेदिक डॉक्टर है जबकि अक्षय की मां होम्योपैथी डॉक्टर है। अक्षय का पिता अमित राउत किडनी ट्रांसप्लांट के अवैध धंधे में लंबे समय से लगा हुआ था। वर्ष 2012 तक अक्षय मुंबई के एक अस्पताल में प्रैक्टिस करता था। इसके बाद वह अपने पिता के साथ इस गोरखधंधे में जुड़ गया। अमित अपने गैंग के साथ वर्ष 2017 में देहरादून के लालतप्पड़ में आ गया था। यहां उन्होंने 40 से ज्यादा लोगों की किडनी निकाली थी। किडनी जिससे ली जाती थी उसे चंद हजार रुपये पकड़ा दिए जाते थे। इसके बाद यह लाखों करोड़ों रुपये में अलग-अलग लोगों को बेची जाती थी। किडनी ट्रांसप्लांट का काम भी इस गैंग के डॉक्टर करते थे। इनमें अक्षय राउत एक्सपर्ट माना जाता था।






# उत्तराखण्ड स्किल डेवलपमेंट एण्ड एम्पलॉयमेंट कॉन्फ्रेस की तैयारियों को लेकर सीएस ने दिए निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने आगामी अक्टूबर में नियोजन विभाग व सेतु आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली उत्तराखण्ड स्किल डेवलपमेंट एण्ड एम्पलॉयमेंट कॉन्फ्रेस की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक ली। मुख्य सचिव ने राज्य के युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से सशक्त करते हुए उनकी रोजगार की चुनौतियों के समाधान के साथ समावेशी व सतत् विकास की रणनीतियों पर मंथन के उद्देश्य से आयोजित की जाने वाली इस कॉन्फ्रेस से नीति आयोग, अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन, इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन डेवलपमेंट, एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इण्डिया, यूएनडीपी व यूनीसेफ को जोड़ने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने उक्त कॉन्फ्रेस में युवाओं के लिए विदेश में रोजगार के अवसर तथा विदेश की आवश्यकताओं के अनुसार



युवाओं हेतु कौशल विकास के कोर्स संचालित करने पर एक विशेष सत्र आयोजित करने के निर्देश दिए।उन्होंने कौशल विकास के साथ विदेशी भाषाओं के कोर्स संचालित करने की रणनीति पर भी कार्य करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने सभी विभागों को प्रभावी समन्वय के साथ एकीकृत होकर कौशल विकास की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने विशेष रूप से वन विभाग को कौशल विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए राज्य में ट्रेकिंग हेतु आने वाले पर्यटकों के लिए स्थानीय युवाओं को नेचर गाइड के रूप में प्रशिक्षित करने की कार्य योजना पर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने कौशल विकास व रोजगार के अवसरों को बढ़ाने हेतु सरकारी विभागों व संस्थानों, शैक्षणिक संस्थानों, निजी क्षेत्र व गैर सरकारी संगठनों के मध्य सुदृढ़ सहभागिता को बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। बैठक में सचिव श्री आर मीनाक्षी सुन्दरम, श्री सचिन कुर्वे सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# विद्युत चोरी में महिला के खिलाफ रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विद्युत विभाग की टीम द्वारा औचक निरीक्षण में एक भवन में विद्युत चोरी का मामला पकड़ा गया। जिसमें भवन स्वामिनी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। पारुल कुमार अवर अभियन्ता भदईपुरा द्वारा दर्ज कराई रपट में कहा गया है कि विभागीय टीम विद्युत चैकिंग करते वार्ड 1, कृष्णा विहार, फुलसुंगी में श्रीमति ममता त्रीपाठी पत्नी राजेश त्रीपाठी,के परिसर पर पहुंची। जहाँ विद्युत चैकिंग करने पर पाया कि उपरोक्त द्वारा अपने परिसर पर एलटी विद्युत पोल से आ रही मापक की इनकमिग के केबील में मापक से पहले कट लगाकर अन्य केबल जोडकर विद्युत चोरी की जा रही है। मौके पर10 मीटर केबील व लगा मापक कब्जे में लिया गया। पुलिस ने आरोपी महिला के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# धूमधाम से मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

किच्छा( उद संवाददाता)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के अवसर पर आज किच्छा के दीनदयाल उपाध्याय चौक पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कार्यकर्ताओं के साथ उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और अपने आवास पर आयोजित कार्यक्रम में भी शुक्ला ने कहा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जन्म 25 सितंबर 1916 को उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में हुआ था। वे केवल एक राजनेता ही नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी विचारक और समाजसेवी भी थे, जिन्होंने अपने जीवन को समाज के निचले तबके के उत्थान के लिए समर्पित उपाध्याय के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा, 1960 और 1970 के दशक में पंडित जी ने अपनी विचारधारा के माध्यम से आर्थिक सुधार और गरीबों के सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया। यही कारण है कि उनके जन्मदिन को 'अंत्योदय दिवस' के रूप में मनाया जाता मौजूद सभी कार्यकर्ताओं ने एकमत होकर उनके सिद्धांतों पर चलते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुँचाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मराज जायसवाल, मंडल महामंत्री मुकेश कोली, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा आरती दुबे, मोहनलाल नेता, सुजात यार खान, श्याम सुंदर बिष्ट, धनीराम, मधु गुप्ता, दया डसीला, कविता मान, संगीता शर्मा, सुनीता गंगवार, सचिन वाल्मीकि, अमरीक सिंह मंड समेत समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे। वहीं एकात्म मानववाद के प्रेरणा स्रोत पंडित मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भारत की जनता को एक सूत्र में बांध ने के लिए अपने जीवन का त्याग है। आज भारत का जो स्वरूप उभर कर आया है। उपाध्याय की दूरदर्शिता का ही परिणाम है प्रत्येक नागरिक को उनके





उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित किया। इस मौके पर कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन और विचारधारा पर प्रकाश डाला गया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राजेश कर दिया। उनके द्वारा प्रतिपादित 'अंत्योदय'का सिद्धांत यह दर्शाता है कि जब तक समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति का उत्थान नहीं होता, तब तक समाज का संपूर्ण विकास संभव नहीं है। राजेश शुक्ला ने पंडित दीनदयाल है। श्री शुक्ला ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों और सिद्धांतों को आज भी समाज के लिए प्रासंगिक बताया और कहा कि हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारकर समाज की सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए। कार्यक्रम में अनुसूचित मोर्चा राजेश कोली, अल्पसंख्यक मोर्चा हारून मलिक, जिला महामंत्री अनुसूचित मोर्चा नितिन वाल्मीकि, सभासद राजकुमार कोली, देवेंद्र शर्मा, चंदन जायसवाल, मलकीत सिंह, हीरा सरकार, अमरनाथ कश्यप, दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर नगर में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। सामाजिक कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश पपनेजा के नेतृत्व में दर्जन भर कार्यकर्ताओं ने डी डी चौक पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की बताए हुए रास्ते चलते हुए देश की समृद्धि उन्नति और खुशहाली के लिए प्रयत्न करते रहना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से किशन गोयल, दीपक पाठक, राजीव अग्रवाल, अखिल अरोड़ा प्रमोद आदि लोग मौजूद थे।

## विधायक सुमित ने एसएसपी से की जन समस्याओं और सुरक्षा पर चर्चा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विधायक सुमित हृदयेश ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पीएन मीणा से शिष्टाचार भेंट की। जिसमें उन्होंने हल्द्वानी की विभिन्न समस्याओं और जन सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। बैठक में शहर की यातायात व्यवस्था, कानून-व्यवस्था, और नागरिक सुरक्षा जैसे प्रमुख विषयों पर विशेष ध्यान दिया गया। सुमित हृदयेश ने कहा कि शहर के नागरिकों की सुरक्षा और सुविधाजनक आवागमन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।



उन्होंने पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर हल्द्वानी को एक सुरक्षित और सुव्यवस्थित शहर बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। चर्चा के दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि यातायात समस्याओं को हल करने और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष राहुल छिमवाल, महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट और पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश नैनवाल भी उपस्थित रहे। सभी ने शहर के विकास और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में पुलिस प्रशासन से निरंतर सहयोग की बात कही।

## होशियार सिंह ने संभाला आदर्श कालोनी चौकी प्रभारी का कार्यभार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कूंडा से स्थानांतरित होकर आये उप निरीक्षक होशियार सिंह ने गत सायं आदर्श कालोनी चौकी प्रभारी का कार्यभार ग्रहण कर लिया। गौरतलब हो कि चौकी के पूर्व प्रभारी संदीप पिलखवाल को एक सिख युवक के साथ अभद्रता करने के वायरल हुए वीडियों के बाद एसएसपी मणिकात ने लाईन हाजिर कर दिया था। नव नियुक्त चौकी प्रभारी उप निरीक्षक होशियार सिंह पूर्व में भी ट्रांजिट कैम्प की आवास चौकी प्रभारी व रूद्रपुर में ही बाजार चौकी प्रभारी के रूप में कार्यकर लोगों के दिलों में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके हैं। उन्हें कई बार बेहतर कार्य के लिए लोगों द्वारा सम्मानित भी किया गया था। उप निरीक्षक होशियार सिंह यहां से खटीमा



और फिर कूंडा थाने में स्थानांतरित किया गया था। अब उनके पुन: नगर की आदर्श कालोनी चौकी का प्रभारी बनाये जाने का स्थानी लागों ने स्वागत करते हुए एसएसपी के इस निर्णय का स्वागत किया है। वहीं उप निरीक्षक होशियार सिंह का कहना है कि चौकी क्षेत्र को नशा और अपराध मुक्त बनाने के लिए वह लोगों का विश्वास और सहयोग लेकर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार में लगे जो भी लोग हैं उन्हे चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। रात्रि गश्त तेज कर संदिग्ध रूप से घूमते लोगों को पकड़कर उनसे सघन पूछताछ की जायेंगी। उप निरीक्षक होशियार सिंह ने क्षेत्र के सभी लोगों से भी अपील की कि जो भसी लोग नशे के कारोबार में लिप्त हैं उनकी जानकारी पुलिस को दें बताने वाले व्यक्ति का नाम व पता पूरी तरह से गुप्त रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान और अपराधों की सुरक्षा के लिए पुलिस की सेवायें हर पल तैयार रहेंगी। स्कूलों के खुलने व छुट्टी होने के समय मार्गो पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने क्षेत्र के सभी दुकानदारों से अपील की कि वह अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगायें।

## खटीमा में सिटी क्लब बनाने की घोषणा पर मनाया जश्न

खटीमा (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री द्वारा खटीमा के बुद्धिजीवी वर्ग के लिए सिटी क्लब बनाने की घोषणा पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में एकत्रित होकर पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस से मुख्य चौक तक ढोल नगाड़ों एवं आतिशबाजी के साथ जुलूस निकाला एवं मुख्य चौक पर मिष्ठान वितरण कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विगत दिनों खटीमा आगमन पर खटीमा के भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने उनके समक्ष खटीमा सिटी क्लब की स्थापना की मांग रखी थी जिसे गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपनी घोषणा में शामिल किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का खटीमा के विकास के



प्रति यह फैसला उनके गृह क्षेत्र में और अधिक विकास के कार्य हो ऐसी उनकी सोच है ये प्रदर्शित करता है।वरिष्ठ भाजपा नेता गोपाल बोरा एवं जीवन धामी ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को धन्यवाद देते हैं और आशा प्रकट करते हैं कि युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खटीमा के विकास में ऐसे ही नित्य नए आयाम स्थापित करेगें। इसके उपरांत भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में पहुंचकर उनकी 108 वी जयंती पर माल्यार्पण कर उनको याद किया एवं उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। इस अवसर पर महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष मोहनी पोखारिया, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, जिला महामंत्री सतीश गोयल, अमित कुमार पांडे, राहुल चौहान, सुरेश जीना, ललित जोशी, कामिल खान, मनोज शाही, हाफिज रहमान, भवानी भंडारी, संतोष अग्रवाल, नीलू गुप्ता, विजय गुप्ता, रविंद्र राणा, हिमांशु बिष्ट, सतीश भट्ट, रमेश ढींगरा, सचिन रस्तोगी, शशांक बिष्ट, जावेद राजा, रामू भारती आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विधायक कार्यालय से बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञान वाहन चोरों ने गत दिनों विधायक कार्यालय के बाहर खड़ी मोटर साईकिल चोरी कर ली। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में अमित पाल पुत्र भानू पाल सिंह निवासी साई मन्दिर खेडा , वार्ड 20 ने कहा है कि 6 सितम्बर को उसने अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06ए वाई 2306 को दोपहर विधायक कार्यालय के आगे रोड पर खडी की थी जो कि लॉक थी। जब सायं लगभग 5.30 बजे बाहर आकर देखा तो उसकी बाईक उक्त जगह से गायब थी। मोटर साईकिल की काफी खोजबीन की लेकिन कुछ पता नही चल पाया। जिसे किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है । पुलिस ने रपट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सिक्स सिग्मा में मनाया राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस धूमधाम मनाया गया। शुभारम्भ संस्थान के प्रबंधकीय सदस्य वंश डावर एवं शौर्य अरोरा, प्रधानाचार्य अभियन्त्रिकी ललित सिंह बिष्ट, उप-प्रधानाचार्य मुकेश कुमार, प्रधानाचार्य फार्मेसी डा.विजय सिंह, मुख्य अतिथि कौशल किशोर सिंह (कोषाध्यक्ष, ताईक्वांडो संगठन, उत्तराखण्ड), एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी कार्तिक हालदार एवं ललित भट्ट, चन्दन सिंह राणा, संस्थान के मुख्य प्राशसनिक अधिकारी अनुभव बाठला द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वल्लित कर किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत एन.एस.एस. के दोनों इकाई के स्वयं सेवकों द्वारा लक्ष्यगीत के साथ प्रारंभ किया गया तत्पश्चात स्वयं सेवकों द्वारा विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दिया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्वयं सेवकों द्वारा पौधारोपण, साहसिक खेल,



नुक्कड़ नाटक एवं जागरूकता रैली के साथ-साथ साफ-सफाई अभियान भी चलाया गया जिसमे स्वयं सेवकों ने बढ़ चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई। इस कार्यक्रम में एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी कार्तिक हालदार ने स्थापना दिवस की महत्वता एवं राष्ट्र के विकास में राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवकों की भूमिका को उजागर किया । प्रधानाचार्य अभियन्त्रिकी ललित सिंह बिष्ट द्वारा स्वयं सेवकों को बताया गया की युवायों का किसी भी राष्ट्र के उन्नति एवं विकास में सबसे अधिक योगदान रहता है इसलिए सभी युवायों को राष्ट्र हित को देखते हुए निरंतर स्वयं के साथ साथ राष्ट्र विकास का भी ध्यान देना चाहिये। इस कार्यक्रम के अवसर पर संस्थान के चेयरमैन राजेश डावर, वाइस-चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, मैनेजिंग डायरेक्टर सी.ए. शिव अरोरा, निदेशिका डॉ.सीमा अरोरा प्रबंधकीय सदस्य वंश डावर, शौर्य अरोरा, प्रधानाचार्य अभियन्त्रिकी ललित सिंह बिष्ट, प्रधानाचार्य फार्मेसी डा. विजय सिंह, विभागाध्यक्षा कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल मिली मंडल, विभागाध्यक्षा मैकेनिकल इंजीनियरिंग ललित भट्ट, विभागाध्यक्ष सिविल इंजीनियरिंग साहिल छाबड़ा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अनुभव बाठला एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्रा उपस्थित रहें।

विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धितायं ।
नागाननाथ श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते ।।
हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एंव वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रूद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शाति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि
समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

# देवभूमि की ऐपण कला से सुसज्जित शुभवस्त्रम में सुशोभित हुए रामलला

## पिथारागढ़ की ऐपण कलाकार ने तैयार किए है हस्तनिर्मित शुभवस्त्रम्

## सीएम धामी की प्रेरणा से प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर और पारंपरिक लोक शिल्प कलाओं को मिल रही नई पहचान

देहरादून(उद संवाददाता)। अयोध्या नगरी में श्री रामलला के दिव्य मेदिर में विराजमान मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम के बाल विग्रह पर सुशोभीत देवभूमि उत्तराखंड की ऐपण लोक कला आज हर प्रदेशवासी की आंखों में आस्था की विहंगम रोशनी जगमगा रही है। सनानती वैभव के प्रतीक श्री रामलला को अर्पित



पिथारागढ़ की ऐपण कलाकार द्वारा हस्तनिर्मित शुभवस्त्रम् तैयार करना निश्चित ही उत्तराखंड की लोक कला के उदय का यह अविश्वनीय अवसर गौरवशाली इतिहास के पन्नों पर अमिट हो गया है। उत्तराखण्ड की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और पारंपरिक कलाओं को न केवल एक नई पहचान मिल रही है,बल्कि भविष्य की पीढ़ियाँ भी इससे प्रेरित होकर जुड़ रही हैं। सोमवार का दिन उत्तराखण्डवासियों के लिए गौरव का दिन था,जब अयोध्या में विराजमान भगवान श्रीरामलला का दिव्य विग्रह देवभूमि की विश्वविख्यात ऐपण कला से सुसज्जित शुभवस्त्रम में सुशोभित हुए। यह शुभवस्त्रम न केवल उत्तराखण्ड की पारंपरिक कला और समर्पण का प्रतीक



था,बल्कि इसने राज्य की सांस्कृतिक समृद्धि में राष्ट्रीय पटल पर एक नया गौरवशाली अध्याय जोड़ा। इन शुभवस्त्रों को उत्तराखण्ड के कुशल शिल्पकारों ने मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की प्रेरणा से तैयार किया। स्वयं मुख्यमंत्री ने इसे अयोध्या पहुँचाकर श्रीराम मंदिर में भेंट किया। इस शुभवस्त्रम् में न केवल प्रदेश की ऐपण कला नजर आती है,बल्कि इसमें निहित भक्ति और श्रम साधकों की अद्वितीय शिल्पकला का अद्भुत समन्वय भी है। जिसने उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक छवि को और अधिक प्रखर बना दिया। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के गतिशील नेतृत्व में प्रदेश की लोक कला, संगीत, नृत्य और शिल्पों के संवधन की दिशा में भी अनेक ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री न केवल राज्य के स्थानीय हस्तशिल्प और कारीगरों को प्रोत्साहित कर रहे हैं,बल्कि राज्य के युवाओं को भी अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने और इसे संजोने की प्रेरणा दे रहे हैं। सीएम के प्रयासों का ही प्रतिफल है कि उत्तराखण्ड की पारंपरिक कला और संस्कृति की गूंज अब अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भी सुनाई देने लगी है। विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में उत्तराखण्ड की लोक कलाओं को प्रमुखता से प्रस्तुत किया जा रहा है,जिससे राज्य को वैश्विक पहचान और सम्मान मिल रहा है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी का मानना है कि प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण और संवर्धन आधुनिक संसाधनों और तकनीकों के साथ होना चाहिए, ताकि यह अमूल्य विरासत आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित रहे। मुख्यमंत्री का यह दृढ़ विश्वास है कि राज्य का समग्र विकास तभी संभव है, जब उसकी सांस्कृतिक जड़ें मजबूत हों। इसलिए उनके नेतृत्व में युवाओं को डिजिटल माध्यमों और सोशल मीडिया के जरिए संस्कृति से जोड़ा जा रहा है। सांस्कृतिक संस्थानों और कला संगठनों के सहयोग से युवाओं को पारंपरिक लोक कलाओं में प्रशिक्षित किया जा रहा है,जिससे वे अपनी संस्कृति पर गर्व करें और इसे और आगे बढ़ा सकें।

# हम उत्तराखण्डियों के लिए अत्यंत सौभाग्यशाली क्षण: निशा पुनैठा

पिथौरागढ़ । सोशल मीडिया पर छायी अयोध्या में विराजमान भगवान श्रीरामलला का दिव्य विग्रह देवभूमि की विश्वविख्यात ऐपण कला के हस्तनिर्मित शुभवस्त्रम् तैयार करने वाली उत्तराखंड की ऐपण कलाकार निशा पुनैठा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभारी व्यक्त किया है। पिथौरागढ़ में एक जनसभा के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने एपण कलाकार निशा पनेठा की खूब सराहना की थी। स्थानीय लोक परम्परा से जुड़ी ऐपण कला के महत्व देते हुए अब सीएम पुष्कर सिंह धामी की प्रेरण से पिथौरागढ़ के घण्टाकरण निवासी ऐपण कलाकार निशा पुनेठा की प्रतिभा को नया आयाम मिला है। निशा पुनैठा ने अपनी प्रतिर्क्रिया में कहा है कि अयोध्या में श्री रामलला के दिव्य मेदिर में विराजमान भगवान श्री राम के बाल विग्रह पर देवभूमि उत्तराखंड की लोक कला



(ऐपण कला ) से सुसज्जित एवं मेरे द्वारा हस्तनिर्मित शुभवस्त्रम् तैयार किये गए। ऐपण से सुसज्जित वस्त्र राम लला ने धारण कर उत्तराखंड की शान में चार चांद लगा दिए । समस्त देवभूमिवासियों की प्रभु श्री राम के प्रति असीम आस्था एवं श्रद्धा का अनुपम प्रतीक है यह हम सभी उत्तराखण्डियों के लिए अत्यंत सौभाग्यशाली क्षण हैं। आज गर्व महसूस हो रहा है मेरे इतने सालों की मेहनत सफल हो गई में धन्यवाद करना चाहूंगी उत्तराखंड के माननीय मुख्यमंत्री का जिनके सौजन्य से मुझे यह शुभ अवसर प्राप्त हुआ है। माननीय मुख्यमंत्री मंत्री जी का तहे दिल से आभार जो उन्होंने मुजे इतना सम्मान दिया है।










# जीवन की वास्तविकता को बताते हैं भगवान शिव के अलौकिक अलंकार: रितु भारती

किच्छा।दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान रूद्रपुर द्वारा राधा कृष्ण मंदिर में आयोजित पांच दिवसीय शिव कथा में साध्वी रितु भारती ने कहा कि भगवान शिव ने जो अलौकिक अलंकार धारण किए गए हैं। शिव की योग अग्नि के ताप में उनकी इंद्रियों और माया के सभी रस जलकर भस्म हो गए हैं। शब्वि तत्व में स्थित उनकी पूरी देह सांसारिक रसों से दूर है। उनकी देह पर हुआ यह भस्म का लेप इसी त्याग इसी वैराग्य आभूषण रूप में धारण करना यह बतलाता है कि उन्होंने काल को जीत लिया है। भगवान शिव को त्रिनेत्र धारी अर्थात् तीन नेत्रों वाला कहा गया है। उनके स्वरूप का यह पहलू हमको एक गूढ़ संकेत देता है।





वह एक एक अलंकार मानव को जीवन की वास्तविकता की ओर इशारा करते है। उनके स्वरूप का एक एक पहलू महान शिक्षाएं और संदेश देता है उनका हर वस्त्र और अलंकार एक इशारा है, चैतन्य शिवत्व की ओर। भगवान शिव ने अपने अंगों पर चिता भस्म का लेप किया यह भी बहुत अच्छा और अर्थ युक्त इशारा लिए हुए हैं को दर्शाता है। जो मानव को संदेश देता है कि यह शरीर क्षणभंगुर है। भगवान शिव के तन पर सांप लिपटे हुए हैं। प्रभु का यह पक्ष भी बहुत प्रेरणा देने वाला है। यह सांप काल के प्रतीक है। यह भगवान शिव के गले या भुज पर तीन-तीन घेरे लेकर लिपटे रहते हैं। यह तीन घेरे भूत, वर्तमान और भविष्य के प्रतीक है। भगवान का इन्हें वह यह कि हम सभी तीन नेत्रों वाले हैं। हम सभी के माथे पर एक तीसरा नेत्र स्थित है। पर यह नेत्र जीवन भर बंद ही रहता है। इसलिए भगवान शंकर का जागृति नेत्र प्रेरित करता है, कि हम भी एक पूर्ण गुरु की शरण प्राप्त कर अपना यह शिव नेत्र जागृत कराएं। कथा का समापन प्रभु की पावन पुनीत आरती से किया गया।

# मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्श समाज के लिए प्रेरणादायी: मिश्रा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रम्पुरा में श्री श्री शिव मंदिर चौरासी घंटा कमेटी की ओर से आयोजित श्री रामलीला मंचन के पांचवे दिन मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर लीला का उदघाटन किया। इस दौरान कमेटी के पदाधिकारियों ने श्री मिश्रा को स्मृति चिन्ह भेंट कर म्मानित किया। इस अवसर पर किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र मिश्रा ने कहा कि श्री राम हमारे आदर्श हैं हम सबको उनके बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए और हमेशा सत्य का मार्ग चुनना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज युवा पीढ़ी को श्री राम के आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के चरित्र से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। आज का इंसान भगवान राम का एक चरित्र भी अपने जीवन में उतार ले तो उसका जीवन सफल हो सकता है। भगवान राम के जीवन में अनेक दुख आने पर भी उन्होंने न तो कभी धैर्य छोड़ा और न ही कभी मर्यादा का उल्लंघन किया। इसीलिए प्रभु श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। पांचवे दिन की सीता स्वयंवर, श्री राम विवाह की लीला का मंचन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कोषाध्यक्ष विनय बत्रा ने की। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष लालमन कोली,किशन कोली, विवेक त्रिपाठी, पंडित नरेश शर्मा आदि सहित सैकड़ो लोग मजबूत थे।







# धान खरीद में किसानों को नहीं होने दी जाएगी असुविधा: डीएम



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। धान खरीद की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय अधिकारियों, किसानों व राईस मिलर्स पदाधिकारियों के साथ धान खरीद 2024-25 की बैठक ली। बैठक में किसान संगठन के पदाधिकारियों ने समय से धान खरीद प्रारम्भ करने, माउश्चर के मानक अनुसार कटौती करने, किसानों को समय से धान का भुगतान करने, लीज/स्टॉम्प/ठेके पर ली गयी भूमि पर लगायी गयी धान की फसल को खरीद हेतु समय से पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन हेतु पोर्टल को खोले जाने, स्थानीय किसानों के पहले धान खरीदने की मांग रखी।जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि 1 अक्टूबर से धान खरीद प्रारम्भ हो जायेगा। इसके लिए सभी तैयारियां को समय से पूर्ण करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये है। उन्होने किसानो के धान का समय से भुगतान करने हेतु राईस मिलर्स को निर्धारित समय अनुसार भुगतान करने के निर्देश दिये। उन्होने लीज, स्टाम्प, ठेके लगायी गयी धान की फसल को खरीदने हेतु समय से पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन हेतु शासन स्तर पर वार्ता करने हेतु आरएफसी को निर्देश दिये। उन्होने कहा कि राईस मिलर्स द्वारा किसानों से मानक के अतिरिक्त धान की किसी प्रकार की कटौती न की जाये। किसानो ने पीआर-126 धान को क्रय केन्द्रों पर खरीदने की मांग रखी। जिस पर जिलाधिकारी ने आरएफसी को शासन स्तर पर वार्ता कर समाधान कराने के निर्देश दिये। जसपुर के किसानो ने दो अतिरिक्त धान क्रय केन्द्र खोलने की मांग रखी। जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि संसाधन की व्यवस्था के आधार पर धान क्रय केन्द्र बढ़ाया जायेगा। सितारगंज के किसानों ने मंडी में बिचौलियों द्वारा कम दामो में धान खरीद को रोकने की मांग रखी। जिस पर जिलाधिकारी ने उप निदेशक मंडी को निर्देश दिये कि किसानों का किसी प्रकार का नुकसान न हो इसके लिए सभी मंडी निदेशको को निर्देशित करें। राईस मिलर्स के पदाधिकारियों ने पिछला भुगतान दिलाने, अतिरिक्त गोदाम की व्यवस्था करने की मांग रखी। जिस पर जिलाधिकारी ने 10 दिन के भीतर अतिरिक्त गोदाम की व्यवस्था करने के निर्देश आरएफसी को दिये। आरएफसी ने बताया कि मिलर्स को 97 प्रतिशत भुगतान कर दिया गया है, शेष जल्द ही भुगतान कर दिया जायेगा। उन्होने बताया कि ढुलाई या अन्य प्रकार के जो भुगतान है उसके चौक लिस्ट बनाकर शीघ्र भुगातान के लिए कार्यवाही की जा रही है। राइस मिलर्स के पदाधिकारियों ने धान की कुटाई का पैसा बढ़ाने की मांग रखी। जिस पर जिलाधिकारी ने आरएफसी को शासन को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिये। उन्होने राइस मिलर्स को कहा कि मिल में धान तौल का चार्ज न लिया जाये। जिलाधिकारी ने किसानों को आश्वासन देते हुये कहा कि किसानों के हित में जो भी होगा अवश्य किया जायेगा। किसानों को किसी प्रकार की समस्या नही आने दी जायेगी। उन्होने सभी क्रय ऐजेन्सियों व कच्चा आढ़तियों से कहा कि धान खरीद में किसानों को अनावश्यक परेशान न किया जाये तथा किसानों को समय से भुगतान किया जाये। उन्होने कहा कि व्यवहारिक रूप से जो भी किसानों के लिये सहयोग होगा हम सहयोग करेगें। उन्होने कहा कि धान खरीद की पूरी मॉनिटरिंग की जायेगी। उन्होने सभी क्रय एजेंसियों को निर्देश दिये कि अपने अपने क्रय केन्द्रों एजेन्सी के नाम का फ्लैक्सी लगवाये एवं उस पर सम्बन्धित क्रय केन्द्र प्रभारी का नाम, मोबाईल नम्बर उप सम्बन्धित क्षेत्र के उप जिलाधिकारियों का नाम व मोबाईल नम्बर व टोल फ्री नम्बर भी अंकित करें ताकि किसानों को किसी प्रकार की समस्या होने पर वार्ता कर समाधान कर सकें। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी क्रय केन्द्रों पर पंखा, नमी मापक यंत्र, कॉंटा, पीने के लिये पानी आदि सभी आवश्यक व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने बताया कि जनपद में 01 अक्टूबर, 2024 से प्रात: 9 बजे से सांय 05 बजे तक धान क्रय किया जायेगा। उन्होने बताया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य कॉन धान 2300 रूपया प्रति कुन्तल व ग्रेड ए धान 2320 रूपया प्रति कुंतल है।बैठक में आरएफसी बीएस फिरमाल, उप निदेशक मण्डी निर्माला बिष्ट, उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, सहायक निबंधक सहकारी समितियां सुमन कुमार, अध्यक्ष राईस मिलर्स एसोसिएशन नरेश कंसल, किसान जगरूप सिंह गिल, संतोख सिंह, बलविन्दर सिंह, विक्रम जीत सिंह, ठा0 जगदीश सिंह,सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी, किसान व राईस मिलर्स के पदाधिकारी उपस्थित थे एवं वर्चुअल के माध्यम से सभी उपजिलाधिकारी जुड़े थे।

## राईस मिलर्स एसोसिएशन ने डीएम को बताई समस्याएं



रूद्रपुर। धान खरीद को लेकर जिलाधिकारी द्वारा बुलाई गयी किसानों और राईस मिलर्स की बैठक के दौरान राईस मिलर्स एसोसिएशन ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कई समस्याएं उठाई और उनके निराकरण की मांग की। राईस मिलर्स एसोसिएशन ने कहा कि मिलर्स का पिछले दो वर्ष का मंडी शुल्क सरकार की तरफ बकाया है उसे जल्द से जल्द दिलवाया जाये, साथ ही कहा कि मिलर्स के द्वारा जो भुगतान किसानों को 72 घंटे में किया जाता है सरकार द्वारा उसी भुगतान को मिलर्स के पक्ष में करने में छह माह तक लग जाते हैं उस पर मिलर्स को ब्याज दिया जाये। 2022-23 में जो चट्टे एफसीआई में मिनिस्ट्री द्वारा फेल कर दिए गए उसका निस्तारण किया जाये । राईस मिलर्स ने कहा कि मिलर्स धान की 26प्रजाति का धान नहीं खरीदेंगे क्योंकि एफसीआई में उसका चावल नहीं उतारा जाएगा। साथ ही मिलर्स ने उत्तराखण्ड में भी अन्य राज्य जैसे उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ की तरह ही कुटाई पर 100 रूपये प्रति क्विंटल का बोनस देने की भी मांग की। जिलाधिकारी ने समस्याओं को गंभीरता से सुनकर शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण करवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान उत्तराखंड राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष नरेश कंसल,महामंत्री श्यामअग्रवाल, उपाध्यक्ष रमेश गर्ग,कोषाध्यक्ष पंकज बाँगा,मंत्री उमेश अग्रवाल,रोहतास अग्रवाल,ईश्वर बंसल, सौरभ सिंहल , संजय मित्तल, विकास मित्तल,सुभम् अग्रवाल,अमित जिंदल, संजय खेड़ा,सोनू अरोड़ा,मनोज कंबोज ,विकास आदि मिलर्स मोजूद रहे।

## एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने एसएसबी के साथ चलाया जागरूकता अभियान



रूद्रपुर (उदसंवाददाता)।एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट द्वारा एसएसबी टीम नारायणपुर ,काला पुल, झनकैया एसएसबी बॉर्डर पर जाकर जवानों के साथ समन्वय स्थापित करके जागरूकता गोष्ठी आयोजित की। इस दौरान मानव तस्करी , बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति के संबंध में जानकारी देते हुए बॉर्डर चेकिंग में नेपाल से आने वाले यात्रियों की सघन चेकिंग का अभियान चलाया गया । चेकिंग के दौरान सभी यात्रियों के आधार कार्ड, आईडी चेक किये गये। संदिग्ध लोगों से पूछताछ की गई । इस दौरान सशस्त्र सीमा सुरक्षा बल के टीम प्रभारी के साथ मिलकर किस तरह से हम मानव तस्करी को रोक सकते है, पर चर्चा की गयी। एच टीयू प्रभारी जीतो कंबोज ने कहा कि बॉर्डर चेकिंग के दौरान कोई संदिग्ध व्यक्ति या कोई नाबालिक बच्चा लड़की या लड़का कोई भी घूमता हुआ दिखाई दे तो एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग रुद्रपुर को सूचना दें। जीतो कंबोज ने खटीमा रेलवे स्टेशन व किच्छा रेलवे स्टेशन में मानव तस्करी के संबंध में आने जाने वाले यात्रियों से पूछताछ कर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की। कहा कि यात्रा के दौरान हम सभी को सावधानियां पूर्वक यात्रा करनी चाहिए किसी भी अपरिचित व्यक्ति से खाद्य सामग्री का सेवन न करें । सावधानी बरतें ताकि हम अपनी यात्रा को सुगमता से कर सके ।साथ ही यूनिट द्वारा खटीमा क्षेत्र में पड़ने वाले होटल ,ढाबा, रेस्टोरेंट, व मेला घाट रोड पर बस स्टेशन पर यात्रा करने वाले संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की साथ ही होटल में काम कर रहे कर्मचारियो के पुलिस सत्यापन की कार्रवाई की गई।टीम में राकेश खेतवाल ,महिला कांस्टेबल ममता मेहरा, हेड कांस्टेबल हरजिंदर सिंह आदि भी शामिल थे।

## सिख युवक से अभद्रता के मामले की निष्पक्ष जांच की मांग

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। चेकिंग के दौरान सिख युवक से दरोगा द्वारा अभद्रता करने के मामले में पर्वतीय समाज के लोग दरोगा के समर्थन में आ गये हैं मामले को लेकर पर्वतीय समाज के लोगों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा से मुलाकात कर निष्पक्ष जांच की मांग की। एसएसपी को सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया कि जनता को सोशल मीडिया के जरिये पता चला कि उत्तराखंड पुलिस की नियमित जांच के दौरान एक सिख युवक व उसके साथियों की ओर से यातायात नियमों का उल्लंघन करना पाया गया। युवक को चौकी प्रभारी व उनकी टीम ने रोका लेकिन वे नहीं रुके। इस पर पुलिस की ओर से कुछ सख्ती की गई। बताया कि सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल है, उसमें पुलिस की ओर से कहीं भी सिख समाज का अपमान एवं धार्मिक भावनाओं को आहत करते नहीं पाया गया। कहा कि कुछ लोग बेवजह मामले को तूल दे रहे हैं। उन्होंने एसएसपी से मामले की बिना किसी राजनैतिक दबाव के निष्पक्ष जांच कराकर उचित न्याय की मांग की। एसएसपी से मिलने वालों में नरेंद्र बिष्ट, कमलेंद्र सेमवाल, जीएस पटवाल, कुंवर सिंह नेगी, बबलू भट्ट, दिनेश बम, धीरज गोस्वामी, एलडी जोशी आदि शामिल थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में मनाया एनएसएस का स्थापना दिवस

रुद्रपुर। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज, आदर्श कॉलोनी में धूमधाम व मनोरंजन कारी एवं सहायिका द्वारा सभी स्वयंसेवियों को विद्यालय में आने के लिए निमंत्रित किया गया। सभी स्वयंसेवी पूर्ण बौद्धिक शास्त्र प्रारंभ हुआ। जिसमें स्वयं सेवियों के मार्गदर्शन हेत रविंद्र मुख्य अतिथि की भूमिका में रहे एवं विद्यालय दिशा निर्देशन में स्वयंसेवियों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि रविंद्र प्रबंधक पैरामाउंट स्कूल ने वचन





के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना का 55यां स्थापना दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम स्वयं सेवकों के लिए अति महत्वपूर्ण रहा। कार्यक्रम के परिपेक्ष में कार्यक्रम अधि मनोयोग से कार्यक्रम में उपस्थित हुए। प्रात: सभी स्वयं सेवियों द्वारा कार्यक्रम की व्यवस्था, संरचना एवं मंच सज्जा का कार्य किया गया। तद्उपरांत कार्यक्रम का के प्रधानाचार्य नीरज एवं प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र ने भी छात्रों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। कार्यक्रम अधिकारी दिनेश भट्ट एवं सहायिका ज्योति के कहे। विद्यालय में स्वच्छता कार्यक्रम किया गया।जिसमें समस्त स्वयं सेवियों ने विद्यालय में स्वच्छता की। कार्यक्रम का संचालन ग्रुप कमांडर प्रिया सिंह ने किया।

## रम्पुरा में धूमधाम से मनाया गया आईएएस दीपक रावत का जन्म दिन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड सरकार के सचिव व कुमाऊं कमिश्नर आईएएस दीपक रावत की ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा को देखते हुए रम्पुरा कबीर आश्रम में अखिल भारतीय युवा कोली समाज के प्रदेश अध्यक्ष हिम्मतराम कोली के नेतृत्व में लोगों ने आईएएस दीपक रावत का जन्मदिन धूमधाम से मनाया और हिम्मतराम कोली द्वारा बुर्जग वरिष्ठ नागरिकों को क्रमश: सियाराम कोली ,रामचरण कोली, सरोज रानी,बनारसी दास कोली,जोगराज सहित दर्जनों बुजुर्गों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया ततपश्चात मिष्ठान वितरण कर भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस मौक पर कोली समाज के प्रदेश अध्यक्ष हिम्मतराम कोली ने आईएएस रावत को शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा कि आईएएस दीपक रावत स्वच्छ छवि,सरल स्वभाव के धनी माने जाते हैं और ईमानदार अधिकारियों में उनकी गिनती सबसे उपर गिनी जाती है, उनकी कर्तव्य निष्ठा को देखते हुए मुख्यमंत्री धामी ने उन्हें अपना सचिव बनाया है जिससे वह जनहित के जारी सरलता से कर सरकार का सहयोग कर सके। हिम्मतराम कोली ने कहा कि आईएएस अधिकारी दीपक रावत ने उत्तराखंड में भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के साथ-साथ जीरो टॉलरेंस की नीति को लागू किया है ऐसे अधिकारियों की कर्तव्य निष्ठा से उत्तराखंड में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। वरिष्ठ समाज सेवी राजू श्रीवास्वत और मान सिंह श्रीवास्तव ने कहा आईएएस अधिकारी दीपक रावत धामी सरकार में सचिन बनकर कुमाऊं में धामी सरकार की उपलब्धियां और जन योजनाओं को जन-जन तक संचालित करने का काम कर रहे हैं जिससे आम जनता को प्रत्यक्ष रूप से लाभ मिल रहा है और उत्तराखंड में भ्र्ष्टाचार पर लगाम लगी है। इस मौके पर कोली समाज के प्रदेश अध्यक्ष हिम्मतराम कोली,मान सिंह श्रीवास्तव, नौवतराम श्रीवास्वत,अजय कुमार,दुर्गा मंदिर महिला समिति की सरंक्षक राम मूर्ति देवी,मिथलेश पाल,गंगा कोली, अध्यक्ष चन्द्रकली कोली,माया देवी, लक्ष्मी देवी,विद्यारानी कोली, हरप्यारी देवी,ओमवती कोली, रज्जो देवी, नथिया देवी, नन्ही देवी, जमानिया देवी, सुंदरिया देवी,शशि कोली, शशि कोली,जय देवी, मोहनी देवी,जमुना देवी,उर्मिला देवी, रानी देवी, कुसुम देवी,भूरी देवी, पार्वती देवी,कमला देवी, कमलेश पाल,आशा रस्तोगी, बीना रस्तोगी, कलावती कोली, भगवान देवी कोली,सरिता पांडे मीना देवी, कमलेश कोली, राजकुमारी कोली, शरबती कोली बाला देवी कोली,पूनम कोली चाँदनी कोली,शांति कोली,मीना कोली,किरण कोली, शकुंतला कोली, गायत्री कोली,नन्ही कोली,कुसुम कोली, लीलावती कोली,गीत कोली,ममता कोली, पूजा कोली कश्यप,कमलेश कोली,विद्या कोली, इंदिरा कोली रामकली कोली,कंचन कोली, गोरी कोली,कामिनी कोली पुष्पा कोली, मोहनिया कोली,शारदा कश्यप,काजल कोली,राम बेटी कोली, मनी कोली, महेंद्र कोली,शिवकरण कोली,हरिराम कोली, संजय कोली, राजेश कोली,राजू कोली, पवन कोली, रितिक कोली, हरीश कोली, दयाराम कोली,गिरीश कोली, नरेंद्र कोली,अभिषेक कोली, धर्मवीर कोली, श्रवण कोली,सीताराम कोली, मुकेश कोली,पप्पू कोली, सोहनलाल कोली,बाबूराम कोली, संतोष कोली ,जितेन्द्र कोली साहित अनेक लोगों ने आईएएस दीपक रावत को शुभकामनाएं और बधाइयाँ दी।





# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## 'पोर्नोग्राफी' पर अंकुश

तकनीकी संसाधनों के विकास के साथ-साथ उनके आपराधिक उपयोग की गलियां भी खुलती गई हैं। इन पर अंकुश लगाने की ज्यादातर कोशिशें विफल ही देखी जा रही हैं। कुछ मसले अब इतने संवेदनशील हैं कि समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बन चुके हैं। बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार उनमें से एक है। इंटरनेट के विस्तार और हर हाथ में डिजिटल उपकरणों की पहुंच होने के बाद अब बड़े पैमाने पर ऐसी अश्लील सामग्री परोसी जाने लगी है, जो बच्चों को लेकर बनाई जाती है। इस पर रोक लगाने के लिए मद्रास उच्च न्यायालय में गुहार लगाई गई थी। अदालत ने उस याचिका पर कहा था कि 'बाल पोर्नोग्राफी' देखने और उसे डाउनलोड करके रखने को पाक्सो कानून के अंतर्गत अपराध नहीं माना जा सकता। उसी आदेश को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई। अब सर्वोच्च न्यायालय ने न केवल मद्रास उच्च न्यायालय के फैसले को पलटते हुए ऐसी सामग्री को डाउनलोड करके रखना और दूसरों को भेजना पाक्सो कानून के अंतर्गत अपराध माना है, बल्कि इस विषय में कई विस्तृत निर्देश दिए हैं। देश की सभी अदालतों से कहा है कि अब वे 'बाल पोर्नोग्राफी' के बजाय 'बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री' पद का उपयोग करें। साथ ही केंद्र सरकार से कहा है कि वह पाक्सो कानून में संशोधन कर इसे अधिक स्पष्ट और व्यापक बनाए। जब तक कानून नहीं बनता, तब तक इस पर अध्यादेश जारी करे। बाल यौनशोषण और दुर्व्यवहार पर अंकुश लगाने के लिए हालांकि कठोर कानून हैं, पर उनमें कुछ जगहों पर स्पष्टता न होने के कारण अश्लील सामग्री तैयार करने के लिए बच्चों का भी उपयोग किया जाता है। सर्वोच्च न्यायालय ने इसी कमजोरी को दुरुस्त करने का निर्देश दिया है। दरअसल, अश्लील सामग्री का कारोबार दुनिया भर में फैला हुआ है। कुछ देशों ने तो इसे कानूनी मान्यता भी दे रखी है, जैसे जर्मनी, फ्रांस आदि। मगर पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह डिजिटल माध्यमों पर अश्लील सामग्री परोसने की प्रवृत्ति और उससे समाजों में हिंसा तथा यौनशोषण की घटनाएं लगातार बढ़ी हैं, उससे दुनिया भर में ऐसी सामग्री पर अंकुश लगाने की मांग उठने लगी है। हमारे यहां ऐसी सामग्री के निर्माण को दंडनीय अपराध की श्रेणी में रखा गया है। मगर इंटरनेट की दुनिया इतनी जटिल बन चुकी है कि ऐसी सामग्री की पहुंच रोकना कठिन बना हुआ है। इनमें बच्चों का उपयोग रोकना बड़ी चुनौती है। सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से कहा है कि यौनशिक्षा को व्यापक रूप से लागू किया जाना चाहिए। इससे ऐसे अपराधों पर काबू पाने में काफी मदद मिल सकती है। दरअसल, बहुत सारे लोग यौनशिक्षा के नाम पर ऐसा सामग्री को उचित ठहराते देखे जाते हैं। मगर अश्लील सामग्री निर्माण के लिए जिस तरह बच्चों की तस्करी बढ़ी है और उनके साथ दुर्व्यवहार और उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ी हैं, उससे उनके मानवाधिकारों को लेकर गंभीर चिंता पैदा हो गई है। निस्संदेह इस पर अंकुश लगाने के लिए कठोर कानून की जरूरत है। मगर अश्लील सामग्री के निर्माण और उनकी पहुंच पर रोक लगाना फिर भी बड़ी चुनौती बनी रह सकती है। जिन देशों में ऐसी सामग्री बनाने पर रोक नहीं है, अश्लील सामग्री बनाने वाले उन जगहों का उपयोग करते हैं। बाल अधिकारों को लेकर व्यापक पहल की जरूरत है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुछ समझौतों की भी जरूरत हो सकती है। सर्वोच्च न्यायालय ने इस विषय पर गंभीरता से विचार करने का एक अवसर दिया है।

# दूध की कमी जैविक दूध से पूरी होगी




जैविक तकनीक के क्षेत्र में भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार अब इस क्षेत्र में नवाचार करने जा रही है। सरकार ने इस सिलसिले में देश में पहली बार ई-3 (इकोनॉमी एनवायरमेंट, एमप्लायमेंट) नीति जारी की है। इसके तहत दूध, खाद्यान्न, पर्यावरण सहित आम जनजीवन के सामने खड़ी होने वाली प्रत्येक चुनौती से निपटने की तैयारी है। इस क्षेत्र में फिलहाल जनता को सबसे बड़ा लाभ जैविक दूध के रूप में मिलने वाला है। पशुधन के बिना मिलने वाला यह जैविक दूध, दुध की कमी पूरा करने के साथ पौष्टिक भी होगा। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने इस ई-3 नीति को जारी करते हुए कहा कि यह नई औद्योगिक क्रांति, जैव तकनीक और बायो मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में होगी। आईटी क्रांति की तरह जैविक दूध और खाद्य सामग्री अभी भले ही लोगों को एक चौंकाने वाली बात लग रही हो, लेकिन भविष्य की जरूरतें इसी से पूरी होंगी। यह दूध केवल जैविक उत्पादों से तैयार होगा। इसमें रसायन का प्रयोग कतई नहीं होगा। भारत दूध उत्पादन में दुनिया में पहले सोपान पर पहले से ही है और विश्व के कुल दूध उत्पादन में भारत 24 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। बीते 9 वर्षों में देश में दूध का उत्पादन लगभग 57 प्रतिशत बढ़ा है। नतीजतन प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 2022-23 में 459 ग्राम प्रतिदिन हो गई है। 9 वर्ष पहले यह उपलब्धा महज 300 ग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिदिन थी। जबकि कुछ साल पहले दुग्ध उत्पादों के आयात की संभावना जताई जाने लगी थी। किंतु अब पशु संवर्धन के लिए किए गए प्रयास रंग दिखाने लगे हैं। बीते एक दशक में दूध के उत्पादन एवं उत्पादकता में आजादी के बाद से सर्वाधिक वृद्धि हुई है। दूध की उपलब्धता बढ़ी तो भारतीयों के खान-पान की आदत में दूध और उसके उत्पादों का सेवन व खपत भी बढ़ गई। अब प्रत्येक भारतीय दुनिया में औसत खपत में से 65 ग्राम अधिक दूध पीने लगा है। दूध की वैश्विक औसत खपत फिलहाल 394 ग्राम प्रति व्यक्ति है। वैसे तो भारत में दूध पशुपालन उत्पादित करते हैं। उनका यह परंपरागत धंधा है, जिसे वे ज्ञान परंपरा से जानते व सीखते हैं। भारत में दूध, दही, घी और मक्खन का उत्पादन प्राचीन समय से चला आ रहा है। भगवान कृष्ण की बाल लीलाएं दही, माखन की चोरी और फिर कंस को गोकुल से कर के रूप में दुग्ध उत्पादन नहीं भेजने के विरोध से जुड़ी हैं। दूध को लेकर कृष्ण के नेतृत्व में ग्वाल समाज का दूध के परिप्रेक्ष्य में शायद यह क्रांति का पहला उद्घोष था। इसके बाद ब्रिटिश साम्राज्य में यह विरोध देखने में आया और सरदार वल्लभभाई पटेल के नेतृत्व में इसने श्वेत या दुग्ध क्रांति के रूप में जन्म लिया। दरअसल जिस खेड़ा क्षेत्र से श्वेत क्रांति की शुरूआत हुई थी, वही आजादी के बाद खेड़ा जिला बना और वर्तमान में इसे ही आनंद के नाम से जाना जाता है। वर्तमान में 30 करोड़ से अधिक गाय एवं भैंस के साथ 2 करोड़ से अधिक भेड़-बकरी आदि पशुओं को पाल-पोश कर यह दूध प्राप्त किया जा रहा है। लेकिन आने वाले दिनों में इसकी खपत और जरूरत निरंतर बढ़ रही है। फिरंगी हुकूमत के दौरान पॉल्सन नाम की ब्रिटिश कंपनी का इस क्षेत्र का दूध खरीदने पर एकाधिकार था। कंपनी दुग्ध उत्पादकों का लगातार शोषण कर रही थी। इस शोषण की शिकायत किसानों ने सरदार पटेल से की। पटेल गोधन, गोरस और गोदान की हिंदू जीवन शैली के अनुयायी थे। पटेल शोषण की जानकारी से बेचैन हुए और लौहपुरुष के अवतार में आ गए, उन्होंने तत्काल कंपनी को दूध बेचने से मना कर दिया। उनका मानना था कि जब कंपनी को दूध मिलेगा ही नहीं, तो उसे किसानों की शर्तें मानने को मजबूर होना पड़ेगा। साथ ही पटेल ने सभी किसानों को मिलकर सहकारी संस्था बनाकर स्वयं दूध और दूध के उत्पाद बेचने की सलाह दी। पटेल के इस सुझाव से किसान सहमत हो गए और अंग्रेजों को दूध न देने की चुनौती दे दी। बाद में 1946 में पटेल ने अपने भरोसे के साथ ही मोरारजी देसाई और त्रिभुवन दास पटेल की सहायता से भारत की पहली दुग्ध सहकारी संस्था की स्थापना की, इसे ही बाद में जिला सहकारी दुग्ध उत्पादन संघ के नाम से जाना गया। 250 लीटर दूध का प्रतिदिन कारोबार करने वाली इसी संस्था को आज विश्वव्यापी संस्था 'अमूल' के नाम से जाना जाता है। मिशिगन स्टेट विवि से मैकेनिकल इंजीनियरिंग करके भारत लौटे वर्गीज कुरियन ने सरकारी नौकरी छोड़कर इस संस्था में काम शुरू किया और भारत का पहला दूध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित किया। इसके बाद किसानों की ज्ञान परंपरा और कुरियन के यांत्रिक गठबंधन से इस संस्था ने उपलब्धि का शिखर चूम लिया। बिना किसी सरकारी मदद के बूते देश में दूध का 70 फीसदी कारोबार असंगठित ढांचा संभाल रहा है। इस कारोबार में ज्यादातर लोग अशिक्षित हैं। लेकिन पारंपरिक ज्ञान से न केवल वे बड़ी मात्रा में दुग्ध उत्पादन में सफल हैं, बल्कि इसके सह-उत्पाद दही, मठा, घी, मक्खन, पनीर, मावा आदि बनाने में मर्मज्ञ हैं। दूध का 30 फीसदी कारोबार संगठित ढांचा, मसलन डेयरियों के माध्यम से होता है। देश में दूध उत्पादन में 96 हजार सहकारी संस्थाएं जुड़ी हैं। 14 राज्यों की अपनी दुग्ध सहकारी संस्थाएं हैं। देश में कुल कृषि खाद्य उत्पादों व दूध से जुड़ी प्रसंस्करण सुविधाएं महज दो फीसदी हैं, किंतु वह दूध ही है, जिसका सबसे ज्यादा प्रसंस्करण करके दही, मठा, घी, मक्खन, मावा, पनीर आदि बनाए जाते हैं। इस कारोबार की सबसे बड़ी खूबी यह है कि इससे आठ करोड़ से भी ज्यादा लोगों की आजीविका जुड़ी है। दूध उत्पादन में ग्रामीण महिलाओं की अहम् भूमिका रहती है। रोजाना दो लाख से भी अधिक गांवों से दूध एकत्रित करके डेयरियों में पहुंचाया जाता है। बड़े पैमाने पर ग्रामीण सीधे शहरी एवं कस्बाई ग्राहकों तक भी दूध बेचने का काम करते हैं। वर्ष 2013-14 के दौरान देश में 1463 लाख टन दूध उत्पादन हुआ था, जो 2022-23 में बढ़कर 2306 लाख टन हो गया है। स्वतंत्रता के बाद दूध उत्पादन में यह सबसे अधिक वृद्धि है। भारत में प्रत्येक वर्ष दुग्ध उत्पादन 5.9 प्रतिशत से ज्यादा की दर से बढ़ रहा है, जबकि दुनिया में दूध की औसत वृद्धि दर्ज प्रतिवर्ष मात्र दो प्रतिशत है। भारतीय दूध की मांग विदेश में भी बढ़ रही है। लगभग 150 देशों में भारत के सह दुग्ध उत्पादों की मांग बनी हुई है। पिछले वर्ष 65 लाख टन दुग्ध उत्पादन का निर्यात हुआ था। इस निर्यात के 2024 में और बढ़ने की उम्मीद है। केंद्रीय पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री संजीव बालियान का कहना है कि 'देश की अर्थव्यवस्था में डेयरी सेक्टर का योगदान पांच प्रतिशत है और यह लगभग आठ करोड़ लोगों के रोजगार का बारहमासी मजबूत साधन है।' दूध की इस बड़ी अर्थव्यवस्था में समृद्धि का रास्ता राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अस्तित्व में आने के बाद खुला है, इस योजना की शुरूआत दिसंबर 2014 में हुई थी। लक्ष्य था, वैज्ञानिक तरीके से देसी गो-जातीय प्रजातियों का विकास और संवर्धन। फलस्वरूप राज्यों में गायों और भैंसों के परंपरागत प्रजनन तरीके से अलग किसानों के दरवाजे पर कृत्रिम गर्भाधान और आईवीएफ सेवाएं उपलब्ध कराई। इसके नतीजे कारगर निकले। इसके पहले देश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के नजरिए से वर्ण-संकर पद्धति पर जोर दिया जाता था, इससे वृद्धि तो हुई लेकिन गति अत्यंत धीमी रही। अतएव गोवंश वृद्धि के नए वैज्ञानिक तरीके अपनाए गए। दूध की इस बढ़ती खपत के चलते दुनिया के देशों की निगाहें भी इस व्यापार को हड़पने में लगी हैं। दुनिया की सबसे बड़ी दूध का कारोबार करने वाली फ्रांस की कंपनी लैक्टेल है। इसने भारत की सबसे बड़ी हैदराबाद की 'तिरूमाला डेयरी' को 1750 करोड़ रुपए में खरीद लिया है। इसे चार किसानों ने मिलकर बनाया था। भारत की तेल कंपनी ऑइल इंडिया भी इसमें प्रवेश कर रही है। क्योंकि दूध का यह कारोबार विश्वस्तर पर करीब 16 फीसदी की दर से हर साल बढ़ रहा है। अमेरिका भी अपने देश में बने सह उत्पाद भारत में खपाने की तिकड़म में है। हालांकि फिलहाल उसे सफलता नहीं मिली है।

अमेरिका भी अपने देश में बने सह उत्पाद भारत में खपाने की तिकड़म में है। हालांकि फिलहाल उसे सफलता नहीं मिली है।

**-प्रमोद भार्गव, लेखक/पत्रकार**

# भाजपा का सदस्यता अभियान पूरी तरह हुआ विफल:कलेर

किच्छा(उद संवाददाता)। आम आदमी पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी जावेद मालिक ने कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष का बयान जारी करते हुए कहा है कि भाजपा का सदस्यता अभियान पूरी तरफ से विफल है। बताया कि जितना लक्ष्य सांसद,विधायकों,मेयर,जिला पंचायत अध्यक्ष,ब्लाक प्रमुख सहित विभिन्न पदाधि कारियों के लिए निर्धारित किये गए थे उस लक्ष्य के अनुसार मिल रहे आँकडे भाजपा की जनता मे दयनीय स्थिति दर्शा रहे हैं जबकि कैबिनेट मंत्रियों सहित कई वरिष्ठ विधायको के क्षेत्र में बहुत बुरी स्थिति नजर आ रही हैं। इससे यह बात साफ हो रही हैं कि तथाकथित तौर पर डबल इंजन कि सरकार और मुख्यमंत्री सहित भाजपा नेताओं से आम जनता का मोह भंग हो चुका हैं।यह विफलता भाजपा के पार्षद, विधायक,मंत्री व सांसद का रिपोर्ट कार्ड पेश कर रही है।मिसकॉल के माध्यम से भी जनता भाजपा मे जुडने के लिऐ कोई आवेदन नही करना चाहती। इसका महत्वपूर्ण कारण संगठन के मूल सक्रिय कार्यकर्ताओं की अनदेखी है।

# केदारनाथ धाम की पैदल यात्रा दोबारा हुई सुचारू,तीर्थयात्रियों का लगा तांता

देहरादून(उद संवाददाता)। केदार घाटी में मौसम साफ होने के बाद श्री केदारनाथ धाम यात्रा ने एक बार फिर से रफ्तार पकड़ ली है। पिछले दो दिनों



से लगातार 11 हजार से अधिक यात्री प्रतिदिन बाबा केदार के दर्शन को पहुंच रहे हैं। मंगलवार शाम को दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 11 लाख 83 हजार 370 पहुंच गई है। 2023 में करीब 19 लाख लोगों ने बाबा केदार के दर्शन किए थे जबकि चारधाम यात्रा करने वालों की कुल संख्या 56 लाख के करीब थी। इस वर्ष 31 जुलाई को केदार घाटी में हुई अतिवृष्टि के कारण कई स्थानों पर सड़क एवं पैदल मार्ग बाधित हो गया था। जिसके चलते यात्रा प्रभावित रही। हालांकि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में गढ़वाल कमिश्नर, आपदा सचिव सहित संबंधित सभी विभागों द्वारा यात्रा सुचारू करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया गया और सभी के प्रयासों से रिकॉर्ड समय में यात्रा दोबारा सुचारू कर दी गई है। यात्रा मार्ग एवं व्यापार समय पर शुरू करवाने के लिए केदारसभा के अध्यक्ष श्री राजकुमार तिवारी ने मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी का धन्यवाद देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा यात्रा का दूसरा चरण शुरू करने एवं व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए सभी को निःशुल्क हेली सेवा देकर केदारनाथ पहुंचाने का प्रयास बेहद सराहनीय है। श्री राजकुमार तिवारी ने कहा कि समय पर यात्रा शुरू होने के साथ यात्रियों को उचित सुविधाएं भी मिल रही है। यात्रियों की बढ़ने से केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग पर होटल, डंडी-कंडी, घोड़े-खच्चर सहित अन्य रूप में सेवाएं देने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ गई है एवं व्यापार में भी इजाफा होने लगा है।

# प्रवर समिति की बैठक में ओबीसी आरक्षण सर्वे को लेकर सदस्यों ने रखे अपने सुझाव

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड (उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959) संशोधन विधेयक को लेकर दूसरी बैठक में भी प्रवर समिति किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी। विधेयक में ओबीसी आरक्षण सर्वे को लेकर सदस्यों ने अपने सुझाव रखे। सदस्यों का कहना है कि 2011 की जनगणना को सर्वे का आधार बनाया जाए। चार अक्तूबर को फिर से समिति की बैठक तय की गई है। विधानसभा भवन में शहरी विकास मंत्री एवं प्रवर समिति के सभापति प्रेमचंद अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में समिति के सदस्यों ने नगर निगम संशोधन विधेयक में ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर चर्चा की। सदस्यों का कहना है कि विधेयक में ओबीसी आरक्षण के लिए जो सर्वे किया गया है, उसमें बाहरी राज्यों से आए लोगों को शामिल किया गया। जो उत्तराखंड की बदल रही डेमोग्राफी के लिए ठीक नहीं है। सर्वे के लिए वर्ष 2011 की जनगणना को आधार बनाया जाना चाहिए। समिति की ओर से बैठक में एकल सदस्यीय समर्पित आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायाधीश बीएस वर्मा को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। उन्होंने सर्वे को लेकर सदस्यों की जिज्ञासाओं पर जानकारी दी। बैठक में भाजपा विधायक मुन्ना सिंह चौहान, खजान दास, विनोद चमोली, कांग्रेस विधायक ममता राकेश, हरीश धामी, बसपा विधायक मोहम्मद शहजाद मौजूद थे। प्रेमचंद अग्रवाल, शहरी विकास मंत्री के अनुसार बैठक में विधेयक को लेकर सभी सदस्यों ने सौहार्दपूर्ण माहौल में चर्चा कर अपने सुझाव दिए। पहली व दूसरी बैठक में सदस्यों की ओर से कई सुझाव दिए गए हैं। चार अक्तूबर को फिर से बैठक तय की गई है। इसके बाद ही समिति किसी निष्कर्ष पर पहुंचेगी। नगर निगम संशोधन विधेयक पर प्रवर समिति को एक माह के भीतर रिपोर्ट विधानसभा अध्यक्ष को



सौंपनी है। इसकी अवधि नौ अक्तूबर को पूरी हो रही है। नौ सितंबर को विधानसभा सचिवालय ने प्रवर समिति गठन की अधिसूचना जारी की थी। 18 सितंबर को समिति की पहली बैठक हुई थी।

# हरिद्वार और सेलाकुई के आंगनबाड़ी केंद्रों में महिलाओं के लिए खुलेंगे दो मॉडल पालना केंद्र

देहरादून(उद संवाददाता)। महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने हरिद्वार और सेलाकुई के आंगनबाड़ी केंद्रों को क्रेच केंद्र (पालना) के तौर पर अगले माह अक्तूबर से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। जहां



कामकाजी महिलाएं सुबह आठ से शाम पांच बजे तक अपने छह माह से छह साल तक के बच्चों को देखभाल के लिए छोड़कर बेफिक्र काम पर जा सकेंगी। ये दोनों पालना मॉडल केंद्र के तौर पर खोले जा रहे हैं। इसके बाद पांच जिलों के 32 आंगनबाड़ी केंद्रों को भी क्रेच केंद्र के तौर पर विकसित किया जाएगा। मंत्री ने मंगलवार को विस सभागार में विभागीय अफसरों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना के तहत 5,713 बच्चों के लिए जुलाई माह के 171.39 लाख और 5,673 बच्चों के लिए अगस्त के 170.73 लाख रुपये यानी कुल तीन करोड़ 41 लाख 58 हजार की धनराशि का भुगतान डीबीटी से किया। मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना के तहत कोविड-19 महामारी और अन्य बीमारियों से माता-पिता या संरक्षक की मृत्यु के कारण जन्म से 21 साल तक के प्रभावित बच्चों को प्रतिमाह तीन हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाती है। बैठक में महिला एकल नीति पर अधिकारियों द्वारा बताया गया कि संबंधित प्रस्ताव उप समिति स्तर पर विधि क परीक्षण के लिए रखा है। इस दौरान नंदा गौरा योजना समेत महिला कल्याण और उत्थान से जुड़ी अन्य योजनाओं पर भी चर्चा हुई। बैठक में महिला कल्याण के निदेशक प्रशांत आर्य, उप निदेशक विक्रम सिंह, सीपीओ मोहित चौधरी, अंजना गुप्ता, राजीव नयन व अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। वहीं मंत्री ने आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती में देरी और अफसरों के सुस्त रवैये पर नाराजगी जताई। निर्देश दिए कि विभाग जल्द रिक्त पदों पर भर्ती करे। उन्होंने महिला कल्याण के लिए सेस लगाने की कार्यवाही लंबित होने पर भी चिंता जताई। महिला कल्याण कोष और महिला कल्याण के लिए एक रुपये प्रति शराब की बोतल सेस लेना था, जिसको लेकर नियमावली नहीं बनने पर पूर्व की बैठकों में भी नाराजगी व्यक्त की थी, लेकिन अभी तक कार्य पूरा नहीं हुआ है। मंत्री ने अगली कैबिनेट तक कार्यवाही पूरी करने के निर्देश दिए।

# सभी जनजातीय ग्रामों में कैम्प लगाकर प्रमाण पत्र उपलब्ध करवाने के निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने जिलाधिकारियों को सभी जनजातीय ग्रामों में कैम्प लगाकर जनजाति प्रमाण पत्र उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कार्य करने वाले सभी 17 विभागों को अपने नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश दिए हैं। यह नोडल अधिकारी आगामी 27 सितम्बर को प्रधानमंत्री उन्नत ग्राम योजना के सम्बन्ध में जनजातीय कार्य मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा आयोजित मंथन शिविर में प्रतिभाग करेंगे। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों एवं सम्बन्धित विभागों को सभी जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में कैम्प लगाकर पीएम उज्ज्वला योजना,जल जीवन मिशन,विद्युतीकरण योजनाओं के शत प्रतिशत कवरेज के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को आगामी 02 अक्टूबर को माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के शुभारम्भ के अवसर पर जिला स्तर पर चयनित प्रत्येक ग्राम में एक कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि 27 सितम्बर को प्रधानमंत्री उन्नत ग्राम योजना के सम्बन्ध में जनजाति कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मंथन शिविर आयोजित किया जाना है। मुख्य सचिव



श्रीमती राधा रतूड़ी ने उससे पूर्व सभी 17 विभागों को अपनी कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को प्रधानमंत्री उन्नत ग्राम योजना हेतु जनपद की सूचनाओं के लिए समन्वय स्थापित किये जाने हेतु एक नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश दिए हैं। उत्तराखण्ड राज्य में प्रधानमंत्री उन्नत ग्राम योजना के क्रियान्वयन हेतु 07 जनपदों के 15 ब्लॉक के 128 जनजाति बाहुल्य ग्रामों का चयन किया गया है। योजना का मुख्य उद्देश्य जनजातीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करना है। जिसके तहत बुनियादी सुविधाओं का विकास, आर्थिक सशक्तिकरण, अच्छी शिक्षा व स्वस्थ जीवन को प्रोत्साहित करना है। सचिवालय में मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री उन्नत ग्राम योजना के सम्बन्ध में आयोजित समीक्षा बैठक में सचिव श्री सचिन कुर्वे, डॉ. बी वी आर सी पुरूषोत्तम, अपर सचिव डॉ. नीरज खैरवाल, श्री सी रविशंकर सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# जन सुविधा कल्याण शिविरों का आयोजन समाज कल्याण विभाग द्वारा रोस्टरवार किया जायेगा

नैनीताल(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में सरकार जनता के कार्यक्रम के अन्तर्गत जनता की समस्याओं के त्वरित निदान एवं विभिन्न योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किये जाने हेतु जनपद के प्रत्येक न्याय पंचायत में जन सुविधा कल्याण शिविरो का आयोजन रोस्टरवार जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा किया जायेगा। जिलाधिकारी जिलाधिकारी वंदना ने शिविरों के सफल संचालन हेतु सम्बन्धित उपजिलाधिकारी को समन्वयक एवं विकास खण्ड स्तर पर खण्ड विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी, सहायक समाज कल्याण अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नामित किया है। उन्होने कहा कि नामित नोडल अधिकारी/जिला स्तरीय अधिकारी आवंटित न्याय पंचायत के जन सुविधा कल्याण शिविर में स्वयं उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पाण्डे ने बताया कि जनपद में 27 सितम्बर से 18 अक्टूबर 2024 तक जन सुविधा कल्याण शिविर का आयोजन किया जायेगा।' उन्होंने बताया कि न्याय पंचायत देवलचौड, सावल्दे, अमगढी, सिमलखा, खुर्पाताल, डालकन्या, सिरमौली मे 27 सिमम्बर, सरना एवं सांगुडीगांव में 30 सितम्बर, मज्यूली पंचायत में 3 अक्टूबर, गुनीपुरजीवानन्द, चिल्किया, गिन्तीगांव, गरमपानी, थपलिया महरागांव, ओखलकाण्डा तथा रामगढ में 4अक्टूबर, चौखुटा, कुवरपुर, जोगीपुरा, कालाढूगी,घंघरेटी,रानीबाग, कालाआगर तथा पाथरी में 9 अक्टूबर, हरिपुर बच्ची, छोई, बैलपडाव, बेतालघाट, ज्योलीकोट, प्यूडा तथा सुनकोट मे 14 अक्टूबर, लाखन मण्डी,डोला, रातीघाट, ओखलढूगा, नथुवाखान एवं नाई में 16 अक्टूबर तथा स्यात, दाड़िमा, पिनरौ, सुयालबाडी तथा तुषराड़ न्याय पंचायत में 18 अक्टूबर को जन सुविधा कल्याण शिविर का आयोजन किया जायेगा।

# बंगाली समाज से एक मंच पर आने का आहवान

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। आम आदमी पार्टी बंगाली समाज मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने कहा कि जिन मुद्दों को लेकर बीते दिनों गांधी पार्क में बंगाली समाज ने विशाल रैली की थी उन मुद्दों पर समाज हित में एक मंच पर आकर काम करने का आहवान किया। साथ ही उन्होंने रुद्रपुर में दरोगा संदीप पिलखवाल द्वारा सिख समाज के एक नौजवान के साथ किये गये दुर्व्यवहार की निंदा की। उन्होंने संदीप पिलखवाल को बर्खास्त करने की मांग की। साथ ही उन्होंने दिल्ली में आतिशी को मुख्यमंत्री बनाये जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी। भरोसा जताया की दिल्ली में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री माननीय अरविंद केजरीवाल द्वारा जो जनता के लिए स्वास्थ्य शिक्षा



बिजली पानी एवं अन्य आधारभूत सुविधा देने की जो कार्य किया जा रहा है उसको और तेज गति से आगे बढ़ाएंगे और दिल्ली की जनता को इसका लाभ मिलेगा। इस अवसर पर सुभाष माझी, मनोरंजन साना, तपन, मृत्युंजय हालदार नरेश तपाली, सुबोध भक्त, नरेश विश्वास, विशाल कुमार, सुभाष माझी, भक्ति दास सिकदर, राकेश कुमार, राघवेंद्र सिंह, सुशील कुमार आदि मौजूद रहे।

# भक्त प्रहलाद की प्रतिमा खंडित होने का मामला हुआ शांत

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। विगत रात्रि सिंधी चौराहा पर स्थित होली ग्राउंड में स्थापित भक्त प्रहलाद की प्रतिमा को अज्ञात व्यक्ति द्वारा खंडित किये जाने के बाद हिंदू संगठनों में जो रोष उभरा था। पुलिस द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए घटना के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर मामले को शांत कर दिया है।कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि होली ग्राउंड में गणेश महोत्सव के आयोजन के बाद टेंट लगाने वाले मजदूर बिहार निवासी सोनू यादव से बल्ली के टकराने से प्रतिमा खंडित हो गई थी। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसे आवश्यक पूछताछ करने के बाद छोड़ दिया गया। वहीं अगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने बताया कि होली ग्राउंड के आसपास व अन्य प्रतिबंधित स्थानों पर किसी भी व्यक्ति को ठेली लगाने की अनुमति नहीं दी जायेगी। इस सन्दर्भ में होली ग्राउंड के पास सूचना भी प्रदर्शित कर दी गई है।



# अतुल पाण्डे का जन्म दिन मनाया

गूलरभोज(उद संवाददाता)। सतीश चुघ के प्रतिष्ठान पर पूर्व शिक्षा मंत्री अरविंद पांडे के पुत्र अतुल पांडे का जन्मदिन केक काटकर बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता तिलक राज गंभीर, महेंद्र पानू, भूपेंद्र आर्य, गोविंद राजभर, निर्मल मिस्त्री, विजय शर्मा, प्रकाश आर्य, रवि, अमित कुमार, मुकेश कुमार, पूनम दुमका, स्वाति चुघ आदि थे।



## पेज एक का शेष...

**मुकेश बोरा यूपी से ..** इंचार्ज बोरा की तलाश में कई राज्यों की खाक छान रहे थे। पुलिस ने बोरा के हमदर्दों का पता लगाने के लिए भी खुफिया तंत्र को भी लगा रखा था। इस बीच पुलिस टीमों ने बोरा का सुराग लगाने के लिए 300 से अधिक लोगों से पूछताछ की। सर्विलांस टीम लगातार एक्टिव मोड पर थी। पुलिस से बचने के लिए बोरा मोबाइल का प्रयोग भी नहीं कर रहा था, जिसके चलते उसकी तलाश में पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही थी। सूत्रों के मुताबिक कई दिनों तक पुलिस के साथ आख मिचौली के बाद आखिरकार बोरा को पुलिस ने यूपी से गिरफ्तार कर लिया है।

**मुठभेड़ में बदमाश..** कांस्टेबल भी घायल हुआ है। गौरतलब है कि बीती 14 सितंबर को मौ. जुलाहान जसपुर निवासी संजीव कुमार वर्मा पुत्र राधेश्याम वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसकी रेहड़ (बिजनौर) में सुनार की दुकान है। 14 सितंबर को वह अपनी दुकान बंद कर बेटे के साथ जसपुर आ रहा था तो जैनेसिस तिराहे के पास तीन नकाबपोश बदमाशों ने तमंचा दिखाकर व डराकर उनसे उनका बैग लूट लिया। बैग के अन्दर लगभग 20-25 ग्राम सोने की ज्वैलरी व लगभग 250 ग्राम चांदी का सामान पायल इत्यादि व 50,000 रुपये नगद थे। सुनार की तहरीर के आधार पर पुलिस केस दर्ज कर बदमाशों की तलाश में जुटी थी।


### सूचना सम्बंध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र अश्वनी रफ्तार एवं पुत्रवधु देवी रफ्तार आये दिन घर में मारपीट और कलह करते हैं तथा मेरी संपत्ति पर कब्जा करने की कोशिश में रहते हैं इनके कृत्यों से दुखी और परेशान होकर मैंने दोनों को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है और दोनों से सारे रिश्ते नाते समाप्त कर लिये हैं। भविष्य में इनके किसी भी अच्छे बुरे कार्य और लेन देन आदि के लिए ये स्वयं जिम्मेवार होंगे।

सुचित्रा रफ्तार पत्नी स्व. रमनी रफ्तार, निवासी-वार्ड नं. 37, रविन्द्र नगर, रूद्रपुर, जिला-उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड


**दो वाहन खाई में गिरे..** पर पहुंच करीब 100 मीटर गहरी खाई से एक व्यक्ति का रेस्क्यू किया। उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो चुकी है। मृतक व्यक्ति की पहचान चंडीगढ़ निवासी 37 वर्षीय सूरज मदान पुत्र चरणजीत सिंह मदान के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि ये व्यक्ति दिल्ली से चमोली जा रहा था तभी अचानक रास्ते में वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। बताया कि सूचना मृतक के घर वालों को भी दे दी गई है और शव को श्रीनगर बेस हॉस्पिटल लाया गया है। वहीं दूसरी घटना में केदारनाथ यात्रा मार्ग पर गौरीकुंड के समीप एक बोलेरो वाहन दुर्घटना ग्रस्त हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस, एनडीआरएफ एसडीआरएफ एवं डीडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू एवं बचाव कार्य शुरू किया। वाहन में 14 लोग सवार थे जिसमें से 13 को रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया गया। जबकि एक की तलाश जारी थी। दुर्घटना में तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें हायर सेंटर रैफर किया गया है।

**दीपावली से पूर्व ..** पर वेंडिंग जोन बनाने की प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के सामने बनाये जा रहे वेंडिंग जोन में कई दुकानें तैयार हो चुकी हैं अब योजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिसके बाद दीपावली पर्व तक तैयार दुकानों को पंजीकृत लघु व्यापारियों को आवंटित कर दिया जायेगा। जिससे पार्क में अतिक्रमण स्वतः ही समाप्त हो जायेगा। इसके बाद पार्क का सौदर्यीकरण कराया जायेगा। दीपक सागर व रंजीत सागर ने कहा कि देश में कहीं पर भी अम्बेडकर पार्कों में प्रशासन ने अतिक्रमण नहीं कराया है। लेकिन यहां विपरीत स्थिति देखने को मिल रही है इससे अम्बेडकर के अनुयाईयों की भावनाओं को ठेस पहुंच रही हैं। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने कहा कि पार्क को खाली कराने से पूर्व ठेली वालों को रोजगार के लिए स्थान उपलब्ध होना चाहिए। श्री दुर्गापाल ने कहा कि उन्होंने नगर से कूड़े का पहाड़ समाप्त करने और बाजार में जलभराव की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान किया है। अब वह नगर के सभी लघु व्यापारियों को वेंडिंग जोन बनाकर दुकानें उपलब्ध करायेंगे। इस दौरान सतपाल ठुकराल, राजकुमार, सुरेश भारती, राजपाल, रूप किशोर, जसपाल सिंह, विजयपाल सिंह, रामानन्द सागर,मोहित , सोनू , महावीर, अनिल, जतिन, अरूण, लोकेश, जितेन्द्र सागर, प्यारेलाल, गोपी सागर, भारत, सुशील कुमार, विजय, सतीश, लाल सिंह, धर्मपाल, अशोक कुमार, नरेन्द्र सिंह, नन्हें सिंह सहित तमाम लोग मौजूद थे।

**प्रेम प्रसंग के ..** प्रमुख लोगों के द्वारा कुछ दिन पहले पंचायत भी की गई थी जिसमें दोनों नाबालिकों का बालिक होने तक शादी कराए जाने की सहमति बनी। कल किसी बात को लेकर विक्की दास परेशान था। उसने पहले अपनी हाथ की नस काटी इस पर भी वह शांत नहीं हुआ तो फिर उसने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना से मां सुनीता दास व छोटी बहन खुशबू सहित समस्त परिजनों में कोहराम मच गया।

**गोलीकांड में छह...** जैसे ही वह नकूलिया चौराहे पर पहुंचे वहां मौजूद अजय भगत, सोमेश क्षेत्री और उनके चार अन्य साथियों ने मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि हमलावर तुषार शर्मा को सफेद रंग की कर में अगवा कर ले गए। जहां तुषार शर्मा पर आरोपियों ने तमंचे से गोली चला दी। जिससे तुषार शर्मा बाल बाल बच गए। तुषार शर्मा का आरोप है कि हमलावर उससे छात्रसंघ चुनाव में चुनाव प्रचार को लेकर धमका रहे थे। पुलिस ने तुषार शर्मा की तहरीर पर अजय भगत सोमेश छेत्री और चार अन्य के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 109, 115, 138, 191, 351, 352 के तहत गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है

**मार्निंग वाक के ..** प्रबल सिटी आईकोन किडस स्कूल के सामने बगबाडा रोड पर पहुंचे तो पीछे से मोटर साईकिल पर एक व्यक्ति आया और उसने उसकी गर्दन पर झपट्टा मारकर सोने की चैन छीन ली और भाग गया। उसने उसका थोडी दूर तक भागकर पीछा किया पर वह बगवाडा भट्ठा किच्छा रोड की तरफ भाग गया। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक- परमपाल सुखीजा

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# उत्तराखंड में देशी घी और मिठाई की दुकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों को पत्र लिखकर बाजार में बिकने वाले घी की जांच के निर्देश दिए

### सीएम धामी ने खाद्य संरक्षा एवं औषधि नियंत्रक विभाग के अधिकारियों को सभी जनपदों में मिठाइयों की दुकानों और देशी घी व मक्खन बेचने वालों की दुकानों में सैपलिंग करने के निर्देश





देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों पर खाद्य संरक्षा एवं औषधि नियंत्रक विभाग ने प्रदेशभर में देशी घी और मक्खन में मिलावट पर अंकुश लगाने के लिए व्यापक अभियान शुरू कर दिया है। राज्य के सभी जनपदों में शुरू हुए इस अभियान में देशी घी और मक्खन के साथ ही मिठाई की दुकानों से सैंपल लिए गए। स्वास्थ्य सचिव और खाद्य आयुक्त डॉ.आर राजेश कुमार ने कहा कि राज्य में मिलावटी घी और मक्खन बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों को पत्र लिखकर लड्डू का सैंपल लेकर जांच के निर्देश दिए हैं साथ ही बाजार में बिकने वाले घी की जांच के लिए भी कहा गया है। खाद्य विभाग के अपर आयुक्त श्री ताजबर सिंह जग्गी ने कहा कि मिलावटी घी और मक्खन पर अंकुश लगाने के लिए प्रदेशव्यापी अभियान शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों को सभी जनपदों में मिठाइयों की दुकानों और देशी घी व मक्खन बेचने वालों की दुकानों पर छापेमारी के निर्देश गए थे, जिसको लेकर कार्रवाई शुरू हो गई है। जांच टीम द्वारा कई कंपनियों के घी व मक्खन के सैंपल भी लिये गये हैं। उन्होंने कहा कि सैंपल का टेस्ट रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान मण्डल के उपायुक्त और जनपदीय अभिहित अधिकारी के नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है। जिसमें वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी राज्य में स्थित विनिर्माण इकाइयों, भण्डारणकर्ता विक्रेताओं का सघन निरीक्षण कर स्थानीय एवं विभिन्न ब्रांडों के घी एवं मक्खन के विधिक एवं सर्विलांस नमूनों का संग्रहण करेंगे। गढ़वाल मंडल में डिप्टी कमिश्नर आर.एस रावत के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया। देहरादून जनपद के विभिन्न स्थानों पर देशी घी व मक्खन की जांच की गई। विभिन्न सैंपलों के नमूने इक्कठे कर जांच के लिए लैब भेजे गये। देहरादून जनपद के शहरी क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण इलाकों हरबर्टपुर, सहसपुर और सुद्वोवाला में भी सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। कुमाऊं मण्डल में भी खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन उपायुक्त श्री अनोज कुमार थपलियाल के नेतृत्व में टीम ने हल्द्वानी क्षेत्र में मिलावटी घी के विक्रय एवं भण्डारण के रोकथाम हेतु सघन निरीक्षण अभियान चलाकर नमूने जांच के लिए लैब भेजे। अभियान के दौरान टीम द्वारा मंगल पड़ाव, कालाढूंगी रोड एवं रामपुर रोड, हल्द्वानी स्थित घी के थोक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। उपायुक्त श्री अनोज कुमार थपलियाल ने बताया कि घी के विभिन्न ब्राण्डों-पारस, पहलवान, मदर डेयरी एवं हेल्थ मेड देसी घी आदि के कुल चार नमूने संग्रहित किये गये तथा नोवा ब्राण्ड स्किम्ड मिल्क पाउडर का एक नमूना लेकर जांच के लिए लैब भेजे गये। जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने पर तद्नुसार कार्यवाही की जायेगी।

# थानाध्यक्ष ने स्क्रैप व्यापारियों को दिए निर्देश



गदरपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र में बढ़ते अपराधों को कम करने व व्यापारियों को सुरक्षा की दृष्टि से राहत पहुचाने के लिए थाना परिसर में गोष्टी का आयोजन किया गया। थानाध्यक्ष जसवीर चौहान ने बताया कि यह गोष्ठी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार व्यापारियों को जागरूक करने एवं सुरक्षा प्रदान करने व जागरूकता के लिए की जा रही है वही स्क्रैप यूनियन के वरिष्ठ व्यापारी शकील अहमद सहित तमाम व्यापारी गोष्टी के दौरान उपस्थित रहे। थानाध्यक्ष ने गोष्टी के दौरान निर्देशित करते हुए कहा स्क्रैप व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर कार्यरत कर्मचारियों के सत्यापन होना आवश्यक है।साथ ही प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी लगाना व उनका लिंक थाने से कराया जाए साथ ही किसी भी संदिग्ध व्यक्ति से बिजली का सामान, मोटर लोहा वाहन के पुर्जे इत्यादि ना खरीदे अगर किसी व्यक्ति पर शक होता है तो तुरंत इसकी सूचना थाने में दी जाए। वही स्क्रैप व्यापारी शकील अहमद ने पुलिस के निर्देश के पालन कराए जाने का आश्वासन दिया साथ ही पुलिस की हर सम्भव सहयोग दिए जाने की बात कही।

# दिल्ली में उठाई किसानों की समस्याएं



गदरपुर (उद संवाददाता)।भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किसानो के हित में एक नई शुरुवात की गई जिसमे कृषि मंत्री किसान संगठनो और किसानो के साथ वार्ता करेंगे और किसानो की समस्याओं पर वार्ता करके उनके समाधान पर चर्चा करेंगे। इस नई पहल की शुरुवात की पहली वार्ता में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारी मौजूद रहे। जिसमे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मांगे राम त्यागी, राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेन्द्र मलिक और उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष स. सलविंदर सिंह कलसी द्वारा किसानो की समस्याओं से अवगत कराया गया। इसमें मुख्यत प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की कमियों को दूर कर फसल क्लेम को आसान किया जाए और आग से जलने वाली फसल का भी क्लेम दिया जाए। तिलहन फसलों का आयात रोककर स्वदेशी तिलहन की फसलों को बढ़ावा दिया जाए। इसके अलावा बासमती चावल पर सरकार द्वारा समय समय पर लगाए जाने वाली निर्यात रोक को किसानो के पक्ष में हटाया जाए। किसानो को उनकी फसल का लाभकारी मूल्य दिलाया जाए और खेती में उपयोग होने वाले उपकरण, कीटनाशक दवाईयां इत्यादि से जीएसटी को पूर्णत: हटाया जाए। इस बैठक में जिला अध्यक्ष राजेन्द्र कंबोज, जिला उपाध्यक्ष अमनदीप सिंह बठला, दलजीत कौर रंधावा, सेवा सिंह आर्य, विनीत बालियान आदि मौजूद रहे।

# भारत भूषण चुघ ने रम्पुरा में चलाया भाजपा का सदस्यता अभियान

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा का सदस्यता अभियान लगातार जारी है। भाजपा नेता वार्ड दर वार्ड सदस्यता अभियान चला रहे हैं और लोगों को पार्टी से जोड़ रहे हैं । बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर सर्वप्रथम भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ और वार्ड वासियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उसके पश्चात चुघ ने वार्ड नंबर 22 रम्पुरा के एकराम आर्य पार्क में सदस्यता अभियान चलाया। सदस्यता अभियान के तहत लगभग 103 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। चुघ ने लोगों को भाजपा की रीति नीति से अवगत कराते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। भाजपा नेता चुघ ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी पूरी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। भाजपा के देशभर में करोड़ों सदस्य हैं जिसका सीधा कारण है कि देश की जनता भाजपा पर अटूट विश्वास करती है और केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों की विकासकारी योजनाओं का लाभ ले रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी भाजपा चहुंमुखी विकास करेगी और समाज के सभी वर्गों को अपने साथ जोड़ेगी। इस दौरान दर्जनों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने पर भाजपा नेता चुघ ने सभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान राज कोली, सुदामा कोली, चंद्रपाल कोली, लालता प्रसाद, सुरेंद्र कोली ,धर्मवीर कोली ,रवि, नीरज ,राहुल ,रोहित ,गणपत, बीरू ,साहिल ,मुकेश, रामू ,रवि सागर ,अमर सिंह ,बाबा शंकर, राजू कोली, बंटी ,मिथिलेश, चंद्रावती, अंजलि ,राखी ,खुशबू, पिंकी,नेहा ,रौनक ,कविता ,गीता, कविता, पूजा, मनीषा रानी कमला आदि मौजूद थे।







गुरू मां उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Easy EMI Options Available
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000